# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 27 मई 2024


# चमत्कारिक शख्सियत हैं मोदी, देशहित में किए उनके कार्य लगातार तीसरी बार बनाएंगे सरकार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

खास खबर

भारतीय राजनीति के वर्तमान परिवेश में राजनाथ सिंह को अजातशत्रु के रूप में देखा जाता है। गत चार दशक से सत्ता और संगठन दोनों में ही तमाम अहम पदों पर रहे और वर्तमान में देश के रक्षा मंत्री का दायित्व निभा रहे राजनाथ सिंह आज भी अपनी मूल पहचान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में ही देखते हैं। श्री सिंह भाजपा की सत्ता में वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा को वर्ष 2014 के आम चुनाव में स्पष्ट जनादेश दिलाने में सफल रहे राजनाथ सिंह ने चुनावी व्यस्तता के बीच आज देश की राजधानी में हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खुलकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने तीसरी बार भी लगातार जीत की उम्मीद की वजह नरेंद्र मोदी की चमत्कारिक शख्सियत और उनके नेतृत्व में दस साल के दौरान देशहित - जनहित में किए गए बेमिसाल कामों को बताया। पढ़िए इस बातचीत के खास अंश:

**केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद**



- ***2013 में आप राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब आपने नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में चेहरा सामने रखा था, आज आप कितने संतुष्ट और खुश हैं?***
- मोदी जी को प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में सामने रखने का फैसला पार्लियामेंट्री बोर्ड का था। गोवा में सभी ने मिलकर तय किया था कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में सामने रखना है। पार्टी का यह फैसला सही था और भारत के इतिहास में पहली बार भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला और केंद्र में हमारी सरकार बनी।
- ***केंद्र में भाजपा सरकार और नरेंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल को लेकर क्या सोचते हैं, क्या उम्मीदें पूरी हो पाई?***
- आज नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में काम करते हुए दस साल हो गए हैं। हमारी केंद्र सरकार पर एक भी रुपए का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। इसके पहले जितनी भी सरकारें रही हैं, उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, कई मंत्रियों पर भी आरोप लगे और उनको जेल की हवा भी खाली पड़ी, लेकिन भाजपा सरकार पर ऐसा कोई आरोप नहीं है। किसी मंत्री पर भी कोई आरोप नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में विश्व में भारत की प्रतिष्ठा और कद बढ़ा है। अर्थव्यवस्था के मामले में भी देखें को मोदी सरकार में भारत मजबूत हुआ है। भारत पहले विश्व में 11 वें स्थान पर था, लेकिन मोदी सरकार के बनने के बाद भारत पांचवें स्थान पर आ गया है। अब अर्थव्यवस्था में भारत को विश्व की तीसरी शक्ति बनाने की तैयारी है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 36 घंटे से रेस्क्यू, मांस के टुकड़े ही मिले, इधर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा, गेट के सामने धरना

*बेमेतरा के बेरला ब्लाक ग्राम बोरसी स्थित पिरदा बारूद फैक्ट्री में शनिवार को हुए जबरदस्त धमाके से 11 मजदूरों की जान चली गई है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की संयुक्त टीम 36 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मजदूरों की साबुत बॉडी नहीं निकल पाई है। मांस के लोथड़ों को कर्मचारी ब्लैक पॉलीथिन में एकत्रित कर रहे हैं। शव की शिनाख्ती भी असंभव लगने लगी है।*

# काली झिल्लियों में लाश के लोथड़े

## साबूत शरीर नहीं मिला अब भी आठ लापता











**धमाके से मौके पर 20 से 25 फीट गहरी खाई बन गई**

*बारूद फैक्ट्री पीटीएन प्लांट में हुए इस धमाके में मौके पर 20 से 25 फीट गहरी खाई बन गई और तीन मंजिला फैक्ट्री मलबे में तब्दील हो गई। इस प्लांट में पहली पाली में काम करने वाले 10 मजदूर मौके पर दबे हुए हैं। विस्फोट इतना भयनाक था कि मानव अंग के कई टुकड़े इधर-उधर बिखरे हुए हैं। घटना के बाद से एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। जिला प्रशासन की पहल पर एनडीआरएफ की एक बड़ी टुकड़ी रविवार की सुबह 7 बजे बारूद फैक्ट्री पहुंचकर एसडीआरएफ की टीम के संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। 10 से 15 जेसीबी मशीन और टीम के जवान लगातार मलबा हटाने का काम कर रहे हैं। मलबे से भी मानव अंग के अलग-अलग हिस्से मिल रहे हैं। जिन्हे बड़े ब्लैक कलर के पॉलीथिन में एकत्रित किया जा रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन को देररात तक संभव है कि पूरा किया जा सकेगा।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई**

हरिभूमि फॉलोअप

इस घटना से नाराज ग्रामीण और लापता मजदूरों के परिजन फैक्ट्री के गेट में तंबू तानकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पीड़ितों की मांग है कि मृतक परिजनों के परिवार को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता और आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जाए।

बेमेतरा बेरला ब्लॉक के स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बोरसी-पिरदा में शनिवार की सुबह 7 बजकर 55 मिनट में जोरदार धमाका हुआ। बारूद का ब्लास्ट इतना जोर का था कि 20 से 25 किलोमीटर के गांवों तक की धरती हिल गई थी। मानो भूकंप आया हो, ग्रामीणों में भय का वातावरण निर्मित हो गया।




**अभी भी विस्फोट की आवाज से डरे हुए हैं ग्रामीण**



### पुलिस ने की 8 मजदूरों की गुमशुदगी दर्ज

पिरदा स्थित बारूद फैक्ट्री में शनिवार को पहली पाली में काम पर गए लापता आठ मजदूरों के परिजनों की सूचना पर बेमेतरा कंडकर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। पुलिस चौकी प्रभारी मयंक मिश्रा ने हरिभूमि को बताया कि फैक्ट्री में काम करने गए मजदूर शनिवार सुबह 7 बजे से लापता हैं। इन्हीं मजदूरों के फैक्ट्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गेट के सामने प्रदर्शन

इधर लापता मजदूरों के परिजन और आसपास के ग्रामीणों की बड़ी संख्या फैक्ट्री गेट के पास पंडाल लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। अमित बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर



### ये लापता

वार्ड-12 ग्राम पिरदा निवासी रामकिशुन ध्रुव उर्फ राजू (19), भिमौरी नीरज ध्रुव पिता जयकुमार ध्रुव (25), वार्ड-15 उफरा शंकर यादव पिता चुरावन यादव (20), वार्ड-2 बोरसी नहर यदु पिता मनहरण यदु (37), वार्ड-3 बोरसी डांगेंद्र साहू पिता स्व. संतोष कुमार साहू (35), वार्ड-18 गब्दा लोकनाथ यादव पिता तुलाराम यादव (19), वार्ड-11 ग्राम पिरदा विजयकुमार देवदास पिता मुन्नालाल देवदास (25), वार्ड-13 पिरदा पुष्पराज देवदास पिता हीरालाल देवदास (22)।

## खबर संक्षेप

### जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल बढ़ाया



**नई दिल्ली।** अपॉइंटमेंट कमेटी ऑफ कैबिनेट ने आज सेना प्रमुख जनरल मनोज सी पांडे के कार्यकाल को उनकी रिटायरमेंट की उम्र के आगे एक महीने के लिए बढ़ा दिया है। अब वे 30 जून 2024 को रिटायर होंगे। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को सेना अध्यक्ष का पद संभाला था।

### पक्षी टकराने स्पाइसजेट का विमान दिल्ली लौटा



**नई दिल्ली।** लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार सुबह पक्षी टकराने की वजह से दिल्ली वापस लौट आया। यह विमान हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया और सभी यात्री सामान्य तरीके से बाहर आ गए। करीब 135 लोगों को लेकर लेह जा रहा बोइंग 737 विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया।

### देश में 10.46 लाख सड़क दुर्घटना दावे लंबित



**नई दिल्ली।** देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं। 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में आईआरडीएआई ने यह विवरण प्रदान किया है।

# बिश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टर के चार शूटर रायपुर में दबोचे गए

- रायपुर और रायगढ़ के दो कारोबारियों की हत्या के लिए आए थे शूटर, झारखंड के अमन गैंग के सभी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

मलेशिया, क्वालालंपुर में बैठे इंटरनेशनल गैंगस्टर मयंक सिंह के इशारे पर संचालित झारखंड के अमन साहू गैंग के चार शूटरों को राजधानी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश राजधानी तथा रायगढ़ के कोल कारोबारी की हत्या करने की नीयत से रायपुर आए थे। बदमाश घटना को अंजाम दे पाते, इसके पहले दबोचे गए। पुलिस ने तीन बदमाशों को रायपुर से तथा एक बदमाश को राजस्थान जयपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने पुलिस ने बदमाशों को कोर्ट से 2 जून तक रिमांड पर लिया है। बताया जा रहा है कि इस गिरोह का बिश्नोई गैंग से भी नाता है। हत्या की सुपारी लेने की वजह मांगी गई फिरौती की रकम नहीं देना है।

पूरे मामले का खुलासा करते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि दो कारोबारियों की हत्या करने की नीयत से रायपुर पहुंचे झारखंड बोकारो निवासी रोहित स्वर्णकार, राजस्थान पाली निवासी मुकेश कुमार, देवेंद्र सिंह तथा पप्पू सिंह उर्फ पप्सा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पप्पू को राजस्थान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज देने वाले थे अंजाम

आईजी के मुताबिक हत्या को अंजाम देने रायपुर पहुंचे बदमाश सोमवार को कारोबारी को शूट करने की योजना बनाए हुए थे। बदमाश वारदात को अंजाम दे पाते, इसके तीन दिन पूर्व ही पुलिस को भनक लग गई थी। इसके बाद पुलिस ने 72 घंटे ऑपरेशन चलाकर बदमाशों को रायपुर में अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने दो कारोबारियों की हत्या करने की नीयत से रायपुर आने की बात कबूल की है।

### मलेशिया से मिली थी सुपारी

पुलिस अफसर के अनुसार कारोबारियों की हत्या के लिए सुपारी लेने वाले मलेशिया में बैठे गैंगस्टर का कोडवर्ड नाम मयंक सिंह के निर्देश पर संचालित हो रहा था। मयंक सिंह ने कारोबारी की हत्या करने अमन साहू गैंग को सुपारी दी थी। कारोबारी के सुपारी देने की वजह कारोबारी द्वारा मांगी गई फिरौती की रकम नहीं देना बताया जा रहा है।

# मारे गए आठ वर्दीधारी नक्सलियों पर थे 31 लाख के ईनाम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेवाड़ा**

*तीन जिलों की पुलिस व सुरक्षा बलों ने मार गिराया था*

हांदावाडा रेखावाया के जंगल पहाड़ी में हुई मुठभेड़ में मारे गये 8 वर्दीधारी नक्सलियों की शिनाख्त हो गई है। मारे गए नक्सलियों में 5 लाख के पांच नक्सली तथा 3 नक्सली दो लाख इनामी सहित कुल 31 लाख के इनामी नक्सली शामिल हैं। दन्तेवाड़ा- बीजापुर-नारायणपुर के सीमावर्ती हांदावाड़ा रेखावाया के जंगल पहाड़ी में माड़ डिवीजन ▶▶ शेष पेज 4 पर

# पहले दी मुर्गे की बलि, फिर बेटे का काट दिया गला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर**

अंधविश्वास के चक्कर में पढ़कर सनकी युवक ने अपने चार साल के मासूम बेटे की हत्या कर दी। घर में मां से साथ सो रहे बेटे को उठाकर आरोपी खेत में ले गया और पहले चाकू से उसने एक मुर्गे की बलि दी और फिर उसी चाकू से बेटे का गला भी रेत दिया। आधी रात जब पत्नी अपने बेटे को खोजने निकली तो आरोपी ने बताया कि मेरे कान में आवाज आ रही थी कि किसी की बलि दूंगा तो घर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आरोपी पिता ने कहा- कान में आ रही थी आवाज, बलि देने से आएगी सुख शांति, आरोपी गिरफ्तार**



### घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा

इधर, घटना के बाद आरोपी युवक घर से फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने गांव में ही घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने ही बेटे की बलि देने की बात स्वीकार की। थाना प्रभारी जितेंद्र सोनी ने बताया कि अंधविश्वास में युवक ने बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### मुर्गे के साथ शव को घर में लाकर रखा

अंधविश्वास में बेटे की बलि देने के बाद आरोपी युवक ने तीन बजे भोर में बेटे के शव व मरे हुए मुर्गे को लाकर घर के अंदर रख दिया। आरोपी ने बेटे की गर्दन को चाकू से काटकर अलग कर दिया था। इस दौरान भोर में परिजन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया।

## सनराइजर्स ने 8 विकेट से गंवाया खिताब

# कोलकाता आईपीएल चैंपियन, हैदराबाद की शर्मनाक हार

**एजेंसी ▶▶ चेन्नई**

श्रेयस अय्यर की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला अपने नाम कर तीसरा खिताब जीत लिया है। यह मैच रविवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला गया, जो एकतरफा रहा। फाइनल में पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद टीम को केकेआर के हाथों 8 विकेट से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। ▶▶ शेष पेज 4 पर



**सबसे कम स्कोर**

| टीम | खिलाफ | रन | वर्ष |
|---|---|---|---|
| हैदराबाद | कोलकाता | 113 | 2024 |
| चेन्नई | मुंबई | 125/9 | 2013 |
| पुणे | मुंबई | 128/6 | 2017 |
| मुंबई | पुणे | 129/8 | 2017 |

**औरेंज कैप**

विराट कोहली

| | |
|---|---|
| 741 | : रन |
| 15 | : मैच |
| 154.69 | : स्ट्राइक |
| टीम | : बेंगलुरु |

**पर्पल कैप**

हर्षल पटेल

| | |
|---|---|
| 24 | : विकेट |
| 14 | : मैच |
| 9.73 | : इकोनॉमी |
| टीम | : पंजाब |

**टूर्नामेंट में बाउंड्रीज**

| | |
|---|---|
| 1260 | : छक्के |
| 2174 | : चौके |



**ईनामी राशि**

| अवॉर्ड | प्राइज मनी |
|---|---|
| चैंपियंस | 20 करोड़ |
| रनर-अप | 12.5 करोड़ |
| पर्पल कैप | 10 लाख |
| ऑरेंज कैप | 10 लाख |
| वैलुएबल प्लेयर | 10 लाख |
| इमरजिंग प्लेयर | 10 लाख |
| कैच ऑफ द सीजन | 10 लाख |

### हैदराबाद ने बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

हैदराबाद टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में 113 रन बनाकर ढेर हो गई। इसके साथ ही हैदराबाद टीम ने एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। हैदराबाद टीम आईपीएल इतिहास के ▶▶ शेष पेज 4 पर



हरिभूमि रण भूमि

लोकसभा

सत्ता संग्राम-2024



*नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के 7वें चरण का मतदान 1 जून को होने वाला है, लेकिन इस बीच शीर्ष राजनीतिक नेता सार्वजनिक रैलियों के दौरान अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए चर्चा में बने हुए हैं। इतना ही नहीं, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की है। नरेंद्र मोदी से लेकर राहुल गांधी तक, आइए इस चुनाव में कुछ शीर्ष राजनीतिक नेताओं द्वारा दिए गए पांच सबसे विवादास्पद बयानों पर एक नजर डालते हैं।*

## देश के टॉप नेताओं की वे टिप्पणियां जिन पर हुआ विवाद

# मोदी के 'मुजरा' से लेकर पित्रोदा के विरासत कर से मचा बवाल




### पीएम मोदी की 'मुजरा' और 'घुसपैठ' संबंधी टिप्पणी

25 मई को बिहार के काराकाट और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्रों में लगातार रैलियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर तीखा हमला किया और उस पर मुस्लिम वोट बैंक के लिए 'गुलामी' और 'मुजरा' करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि लालटेन लेकर जो मुजरा करने वाली जमात है, ये बिहारियों का अपमान के बाद भी कांग्रेस के चरण चूम रही है। कांग्रेस के खिलाफ़ एक शब्द भी बोलने को तैयार नहीं है। RJD में हिम्मत नहीं कि वो बिहारियों के अपमान पर कांग्रेस को एक भी शब्द बोल पाए। इससे पहले, मोदी के "घुसपैठियों" वाले बयान पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस सरकार देश की संपत्ति "घुसपैठियों" में बांट देगी। घुसपैठियों से उनका कथित रूप से आशय मुस्लिमों से था।



### राहुल गांधी की 'दो तरह के सैनिक' वाली टिप्पणी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी उस समय विवादों में घिर गए जब उन्होंने केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने देश में 'दो तरह के सैनिक' पैदा कर दिए हैं। उन्होंने कहा, "... एक गरीब, दलित, अल्पसंख्यक का बेटा है और दूसरा अमीर परिवार से है। उन्होंने गरीब के बेटे को नया नाम दिया है अग्निवीर, जिसे पेंशन, कैंटीन जैसी कोई सुविधा नहीं मिलेगी...लेकिन, अगर आप वरिष्ठ अधिकारी हैं या इन चारों में से कोई एक हैं, तो आपको ये सभी चीजें मिलेंगी। सेना में उन्होंने 'दो-भारत', दो तरह के 'शहीद' बनाए हैं।



### सैम पित्रोदा की टिप्पणी इंडियन ओवरसीज

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा विवादों से हमेशा दूर रहते हैं। इस चुनावी मौसम में उन्होंने अपने "विरासत कर" और "नस्लवादी" बयानों से लगातार सुर्खियां बटोरीं। सैम पित्रोदा ने कहा था कि अमेरिका में विरासत कर है। अगर किसी के पास 100 मिलियन अमरीकी डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह अपने बच्चों को केवल 45 प्रतिशत ही ट्रांसफर कर सकता है, 55 प्रतिशत सरकार हड़प लेती है। यह एक दिलचस्प कानून है। जो मुझे उचित लगता है। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने भारत की विविधता पर बोलते हुए एक और विवाद खड़ा कर दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में कैसे दक्षिण के लोग "अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं और पूर्व के लोग चीनी और पश्चिम में लोग अरब जैसे दिखते हैं। उनके इस बयान पर बवाल मचा और उन्हें इस्तीफा देना पड़ा।



### संबित पात्रा की भगवान जगन्नाथ पर टिप्पणी

हाल ही में ओडिशा में एक राजनीतिक विवाद तब शुरू हो गया था, जब पुरी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार संबित पात्रा ने भगवान जगन्नाथ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का "भक्त" बताया। उन्होंने कहा, "पीएम मोदी को देखने के लिए लाखों लोग यहां एकत्र हुए हैं। जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं और हम सभी पीएम मोदी के परिवार हैं। पात्रा के इस बयान पर जमकर बवाल हो गया। विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाया। ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने इसे उड़िया अस्मिता से जोड़ दिया। हालांकि, बाद में अपने इस बयान पर संबित पात्रा ने माफी मांगी थी।



### नवनीत राणा ने अकबरुद्दीन ओवैसी को दी चेतावनी

9 मई को भाजपा नेता नवनीत राणा ने एआईएम आईएम के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी के 2013 के भड़काऊ बयान का जिक्र करते हुए विवाद खड़ा कर दिया था। जिसमें उन्होंने कथित तौर पर "100 करोड़ हिंदुओं" को चेतावनी दी थी कि अगर पुलिस "15 मिनट" के लिए हटा ली जाए तो उनका समुदाय दिखा देगा कि वह क्या कर सकता है। इसको लेकर नवनीत राणा ने कहा, "छोटा भाई कहता है 'पुलिस को 15 मिनट के लिए हटा दो ताकि हम उन्हें दिखा सकें कि हम क्या कर सकते हैं।' मैं छोटे भाई (अकबरुद्दीन) से कहना चाहती हूं कि आपको 15 मिनट लग सकते हैं, लेकिन हमें केवल 15 सेकंड लगेंगे... अगर हम आगे आएं तो हमें 15 सेकंड लगेंगे।"

## सोशल मीडिया

### चुनावी हार की डर से अनर्गल बातें हो रहीं : ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'चुनावी हार की डर से भाजपा नेता हर तरह की बातें कह रहे हैं जिनका कोई मतलब नहीं है।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा, ''वह अब खुद को ईश्वर का पुत्र कह रहे हैं। वह दावा करते हैं कि हम सब के विपरीत उनके जैविक माता-पिता नहीं हैं। वह कहते हैं कि उन्हें भगवान द्वारा भेजा गया है। मैं पूछती हूं, क्या भगवान किसी को दंगों की साजिश रचने, विज्ञापन के जरिये झूठ फैलाने, एनआरसी की कवायद के नाम पर लोगों को जेल भेजने के लिए भेजता है?''

### भाजपा जुमलेबाजी में समय बर्बाद कर रही है: मायावती



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि वंचित वर्गों के खिलाफ नीतियों के कारण कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई जबकि भाजपा 'जुमलेबाजी' में समय बर्बाद कर रही है। मायावती ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर चुनावी बॉण्ड के जरिये भारी धन प्राप्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बसपा अपने खर्चों का प्रबंधन पार्टी की सदस्यता और अपने जन्मदिन पर प्राप्त उपहारों के माध्यम से करती है। उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ रही है और उन्हें यकीन है कि 'चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से हुए' तो उनकी पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी।

## 'भैंस से मुजरा पर उतर गए, पिछड़ों का भला नहीं चाहते'



तेजस्वी ने पीएम मोदी को लिखा 2 पेज का पत्र

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण करीब है। 1 जून को बिहार के आठ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान है। दूसरी ओर जुबानी जंग भी सातवें आसमान पर है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा में कहा कि नौकरी के लिए जमीन लेने वाले चुनाव बाद जेल भेजे जाएंगे। उनका काउंट डाउन शुरू हो गया है। रविवार को राजद सुप्रीमो लालू यादव के पुत्रऔर पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी को दो पन्नों का खुला पत्र लिख कर जमकर भड़ास निकाली। पीएम मोदी को पिछड़ा और दलित विरोधी बताते हुए कहा कि पद की गरीमा के अनुसार बात नहीं कर रहे। तेजस्वी के पत्र में मंडल कमीशन,आरक्षण, संविधान, मंगलसूत्र, भैंस और मुजरा का मुद्दा छाया हुआ है।

### बिहार आकर कीं झूठी बातें

तेजस्वी ने पीएम को संबोधित करते हुए कहा है कि चुनाव आते-जाते रहेंगे लेकिन संविधान, देश की सामाजिक संरचना और उसके ढाँचे पर अब और हमला मत कीजिए। आप बिहार आए और यहां आकर आप ने बहुत ही झूठी, आधारहीन और तथ्यहीन बातें कही। आपसे अब उंचे विमर्श की अपेक्षा नहीं बची है। उन्होंने ये भी लिखा कि एक विशाल हृदय वाले देश के प्रधानमत्री की भाषा ऐसी होनी चाहिए, आप खुद ही सोचिए। आगे लिखा कि आपके चुनावी भाषणों का गिरता पैमाना ही आपकी राजनैतिक सोच का सही प्रतिबिम्ब है।

## ओडिशा में भाजपा कैंडिडेट ने की ईवीएम में तोड़फोड़



गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**नई दिल्ली।** ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हो रहे हैं। इस बीच खुर्दा में वोटिंग के दौरान बीजेपी प्रत्याशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खुर्दा से बीजेपी उम्मीदवार पर आरोप है कि उन्होंने वोटिंग के दौरान ईवीएम मशीन से तोड़फोड़ की है। खुर्दा विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी वोट देने के लिए बेगुनिया विधानसभा क्षेत्र के बोलागाड़ ब्लॉक के कौरीपटना के बूथ 114 पर वोट देने गए थे। इसी दौरान ईवीएम में कुछ खराबी आ गई थी। जिसके वजह से उनको काफी देर तर लाइन में इंतजार करना पड़ा था। ओडिशा की चिल्का से बीजेपी विधायक और खुर्दा विधानसभा से बीजेपी उम्मीदवार प्रशांत जगदेव अपनी पत्नी के साथ वोट देने गए थे। इसी दौरान बूथ की ईवीएम मशीन में खराबी आ गई थी।

### सीसीटीवी फुटेज की करें जांच

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक प्रशांत जगदेव की वोटिंग के दौरान बूथ पर मौजूद पीठासीन अधिकारी के साथ बहस हो गई। इसी दौरान कथित तौर पर प्रशांत ने मेज पर रखी ईवीएम को खींच दिया। जिसके वजह से ईवीएम टूट गया। इसके साथ ही पीठासीन अधिकारी ने प्रशांत पर मतदान प्रक्रिया में बाधा डालने और मतदान कर्मियों से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। पीठासीन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारी से निवेदन किया है कि वो सीसीटीवी फुटेज की जांच करें।

20 लाख किसान परिवारों की नाराजगी दूर करने में जुटीं पार्टियां

# पंजाब लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा सवाल- अन्नदाता किसे डालेंगे वोट ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में पंजाब के नाराज किसान बीजेपी का सबसे बड़ा नुकसान कर सकते हैं। राज्य में करीब 20 लाख किसान परिवार बताए जाते हैं। ऐसे में इनकी नाराजगी झेलने का खतरा कोई पार्टी नहीं उठा सकती। इसीलिए सभी पार्टियों ने किसानों को मनाने के लिए पहल तेज की है। बीजेपी को सबसे ज्यादा नुकसान का खतरा इसलिए है, क्योंकि केंद्र में उसकी सरकार है और 2019 की तरह इस बार शिरोमणि अकाली दल उसके साथ नहीं है। केंद्र में बीजेपी सरकार होने के चलते किसानों का मानना है कि उनकी मांगें नहीं मानने वाली पार्टी बीजेपी और सरकार मोदी सरकार ही है। पंजाब ही नहीं हरियाणा में भी बीजेपी के लोकसभा उम्मीदवारों को लगातार किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। किसान पूरे राज्य में जगह-जगह बीजेपी उम्मीदवारों को काले झंडे दिखा रहे हैं। किसान सवाल कर रहे हैं कि हरियाणा सरकार ने किसानों को दिल्ली क्यों नहीं जाने दिया? क्यों एमएसपी की गारंटी नहीं दी जा रही है?

### नाराज किसान बीजेपी को दे सकते हैं बड़ा झटका

कई जगह किसान भाजपा प्रत्याशियों को प्रचार नहीं करने दे रहे। वे लगातार उनका विरोध कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा ने सभी लोकसभा क्षेत्रों में अपने नेताओं की समितियां बनाई हैं। इनका काम किसानों से संपर्क कर उनकी नाराजगी दूर करना है।

**शिरोमणि अकाली दल से भी है नाराजगी**

किसान केवल बीजेपी से नाराज नहीं बताए जा रहे। वे शिरोमणि अकाली दल से भी गुस्सा बताए जा रहे हैं। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ जब किसान भयंकर सर्दी में सड़क किनारे बैठे थे तो शिरोमणि अकाली दल ने इन कानूनों का विरोध नहीं किया था। वह केंद्र की भाजपा सरकार में साझीदार थी। 2020 के आंदोलन के दौरान काफी बाद में हरसिमरत कौर ने मंत्री पद छोड़ा था और एनडीए से खुद को अलग कर लिया था। लेकिन, इससे किसानों की नाराजगी पूरी तरह खत्म नहीं हुई। अब जब शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार वोट मांगने जा रहे हैं तो कई गांवों में उन्हें विरोध और किसानों के सवालों को झेलना पड़ रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता लगातार किसान नेताओं से संपर्क करके उनका गुस्सा ठंडा करने में लगे हैं।



### एमएसपी की कानूनी गांरटी देने का वादा

कांग्रेस और आप का भी यही हाल है। आप से पहले पंजाब में कांग्रेस सरकार थी। उसका वादा था कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) अगर केंद्र नहीं देती है तो राज्य सरकार देगी। लेकिन, यह वादा ही रहा। अब चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का वादा किया है। इसे किसानों का गुस्सा शांत करने की कवायद माना जा रहा है। अभी पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार है। आप ने वादा किया था कि किसानों के मुद्दे हल करवाए जाएंगे और कर्ज भी माफ किए जाएंगे। लेकिन, ऐसा कुछ नहीं हुआ।

**यह हैं किसानों के मुद्दे :** तमाम राजनीतिक दलों के द्वारा किए गए वादों के बाद भी किसान किसी भी राजनीतिक दल से खुश नहीं दिखाई देते। पंजाब के किसान सभी 23 फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी चाहते हैं। उनका कहना है कि मौसम की वजह से, बाजार के चढ़ते-उतरते भाव और किसानों पर बढ़ते कर्ज के चलते उन्हें फसलों पर कानूनी गारंटी दी जानी चाहिए। किसानों ने जब इस साल मार्च के महीने में दिल्ली चलो का नारा दिया था तो पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर हरियाणा की बीजेपी सरकार ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया था।

### जाट सिख नेताओं को पार्टी से जोड़ रही भाजपा

किसान आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाते हैं कि उसने पंजाब की सत्ता में आने के बाद अन्नदाता के साथ धोखा किया है। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले उसने वादा किया था कि वह सत्ता में आने पर सभी 23 फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देगी। लेकिन पिछले 2 सालों में कुछ भी नहीं हुआ और सिर्फ दो फसलों- गेहूं और धान पर कानूनी गारंटी मिली है। इनकी खरीद भी एमएसपी पर केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। शिरोमणि अकाली दल को लेकर किसानों का कहना है कि जब 2007 से 2017 तक पंजाब में उसकी सरकार थी तो उसने किसानों की कर्ज माफी के लिए कुछ नहीं किया। किसानों का कहना है कि यह सभी राजनीतिक दल उनके साथ छल करते हैं। कांग्रेस को लेकर किसानों का कहना है कि जब वह 2004 से 2014 तक सत्ता में थी तो वह एमएसपी को लेकर चुप क्यों रही।

### 13 सीटों पर होना है मतदान

पंजाब की 13 सीटों के लिए एक ही चरण में वोटिंग होनी है, जिसमें सातवें यानी आखिरी चरण (1 जून) में गुरदासपुर, अमृतसर, खडूर साहिब, जालंधर, होशियारपुर, नंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजाबाद, बाठिंडा, संगरूर और पटियाला सीटों पर वोटिंग होगी। पंजाब के लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से किसानों की नाराजगी एक बड़ा मुद्दा है। चूंकि पंजाब में 20 लाख किसान परिवार हैं, ऐसे में इनकी नाराजगी कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल सभी के लिए एक बड़ा मुद्दा है।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने हिमाचल की चुनावी सभा में कहा

# 'किसानों का कर्ज करेंगे माफ अग्निवीर योजना को करेंगे बंद'

एजेंसी ▶▶| ऊना

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज हिमाचल प्रदेश के नाहन और ऊना में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी समेत बिजनेसमैन अदाणी और अंबानी पर भी जुबानी हमला बोला। गांधी ने कहा कि हम किसानों को का कर्ज माफ करेंगे। एमएसपी लागू करेंगे। आंगनवाड़ी में मिलने वाली राशि को डबल कर देंगे। युवाओं को 30 लाख सरकारी रोजगार देंगे। जैसे मनरेगा में रोजगार का अधिकार दिया था वैसे ही ग्रेजुएट युवाओं को हम पक्की नौकरी का अधिकार देंगे। गांधी ने कहा कि



संविधान को बदलने की साजिश चल रही है। लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। राहुल ने कहा कि भाजपा ने करोड़ों रुपये देकर सरकारों को चोरी कर रहे हैं। लेकिन हिमाचल में भाजपा ऐसा नहीं कर पाएगी। सभी भ्रष्ट लोग भाजपा में शामिल हो चुके हैं। राहुल ने कहा कि सारा देश जानता है कि पीएम मोदी भ्रष्टाचारी हैं।

### अग्निवीर योजना को करेंगे बंद- राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि हिमाचल के युवा सेना में जाते हैं। बॉर्डर पर खड़े होते हैं। पहले कोई जवान शहीद होता था तो शहीद का दर्जा मिलता था। शहीद के परिवार को पेंशन मिलती थी। मोदी ने अब शहीदों के दो प्रकार बना दिए हैं। मोदी ने अग्निवीर बना दिए जिन्हें न पूरी ट्रेनिंग मिलेगी न पेंशन न पूरी नौकरी। अगर कोई युवा देश के लिए शहीद होने के तैयार है तो उसे पूरा हक मिलेगा। हमारा पहला काम होगा अग्निवीर योजना को फाड़कर कूड़े में डालेंगे।

गोरखपुर की चुनावी सभा में बोले पीएम मोदी

# 'वोट बैंक को खुश करने संविधान बदलना चाहता है इंडी गठबंधन'

एजेंसी ▶▶| गोरखपुर

पीएम मोदी ने देवरिया में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस वाले अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए बाबासाहेब के संविधान को बदलना चाहते हैं। पूर्वांचल की जनता इस साजिश को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। बता दें कि पीएम मोदी ने देवरिया लोकसभा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी और बांसगांव लोकसभा प्रत्याशी कमलेश पासवान के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपका उत्साह एक बात कह रहा है कि फिर



एक बार मोदी की सरकार और फिर एक बार 400 पार। 4 जून भारत का भविष्य तय करनी जा रही है...4 जून को देश एक नई उड़ान के लिए पंख फैलाएगा। उन्होंने कहा, छठे चरण के मतदान ने इंडी गठबंधन के छक्के छुड़ा दिए हैं, अब सातवें चरण में इंडी वालों पर पूर्वांचल का प्रहार होगा।

### भारत की प्रगति से पेट में दर्द

प्रधानमंत्री ने कहा कि वो दिन दूर नहीं जब यूपी में भी ब्रह्मोस मिसाइल बना करेगी और ब्रह्मोस मिसाइल ऐसी है, जिसका खौफ दूर-दूर तक है। दुनिया के कई देशों में ब्रह्मोस मिसाइल की मांग रही है, लेकिन कांग्रेस ने उनके सामने भी रोड़े अटकाए। मोदी ने कहा कि कुछ ताकतें ऐसी भी हैं जिन्हें भारत की प्रगति से पेट में दर्द होने लगता है। ये लोग (इंडी गठबंधन) 4 जून को लेकर अलग ही सपने देख रहे हैं....सपा-कांग्रेस वाले वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। इनका मुद्दा देश का विकास नहीं है।

## 'ईवीएम से छेड़छाड़ न हुई हो' यह सुनिश्चित करने मशहूर वकील सिब्बल ने बताया

# मशीनें (ईवीएम) खुलने से पहले क्या करें सभी दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


देश में इन दिनों लोकसभा चुनाव हो रहा है। अब तक छह चरणों के दौरान कई प्रदेशों में मतदान हो गए हैं और अभी आगे कई राज्यों में कराए जाने हैं। वोटरों को लामबंद करने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी का दौर जारी है। इस बीच ईवीएम मशीन पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने एक खास चार्ट तैयार किया है। उन्होंने कहा कि मतदाता को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि उसने जिसे वोट दिया उसे ही गया है।

### कहा, रिजल्ट बटन को तब तक न दबाएं जब तक वेरिफिकेशन न हो जाए

**वोटों की संख्या और समय में अंतर**

राज्यसभा सांसद ने कहा, 'बहुत सारे लोग कह रहे हैं कि इन मशीनों (ईवीएम) से छेड़छाड़ की गई है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि छेड़छाड़ की कोई संभावना नहीं है। हम यह नहीं कह रहे कि उनके साथ छेड़छाड़ की गई हैं और नहीं की गई है। ऐसा तो है नहीं कि किसी मशीन से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। किसी भी मशीन से छेड़छाड़ की जा सकती है। हमें विश्वास है लेकिन मतदाता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसका वोट उस उम्मीदवार को गया है जिसे उसने वोट दिया है। वोटों की संख्या और समय में अंतर होगा तो आपको पता चल जाएगा। मैंने यह जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश की और एक चार्ट सभी के लिए बनाया है।

### राज्यसभा सांसद ने सभी दलों और मतगणना एजेंटों के लिए तैयार किया है खास चार्ट



**मशीनें खोलने से पहले क्या करना है?**

*सिब्बल ने कहा, 'आप सभी जानते हैं कि मतदान के नतीजे चार जून को आएंगे। मैं जनता और राजनीतिक दलों को इस बात से अवगत कराना चाहता हूं कि जब मशीनें (ईवीएम) खुलेंगी तो आपको क्या करना चाहिए। इसलिए मैंने सभी दलों और सभी मतगणना एजेंटों के लिए एक चार्ट बनाया है।'*

### इन बातों का रखना होगा ध्यान

उन्होंने आगे कहा, 'इस चार्ट में कंट्रोल यूनिट (सीयू) नंबर, बैलट यूनिट (बीयू) नंबर, और वीवीपैट आईडी मौजूद होंगे। साथ ही पेपर सील होंगे। तीसरा स्तंभ बहुत महत्वपूर्ण है। तीसरे कॉलम में चार जून 2024 लिखा है और मशीन खुलने का समय नीचे लिखा है। इस समय में अगर कोई फर्क होगा तो आपको पता चल जाएगा कि मशीन पहले से ही कहीं खुल चुकी है। फिर, कंट्रोल यूनिट का सीरियल नंबर भी यहां लिखित रूप में होगा, आपको उसका भी मिलान करना होगा।' राज्यसभा सांसद सिब्बल ने कहा, 'दो बातों का ध्यान रखें, रिजल्ट बटन को तब तक न दबाएं जब तक कि उपरोक्त कॉलम में वेरिफिकेशन न हो जाए और अगर उस समय और रिजल्ट के समय में अंतर हो तो कुछ गड़बड़ है। मैं चाहूंगा कि सभी राजनीतिक दल और वहां बैठे सभी उम्मीदवार सावधानी से पहले कॉलम की जांच करें और इसे तभी खोलें।'

रायपुर
सोमवार, 27 मई 2024
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 22, अंक : 308
पृष्ठ : 10+4+4 = 18, मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 43.7
न्यून. 31.2

### अफवाहें बहुत फैलाई गईं

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के छात्र भी वहां बड़ी संख्या में हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन सेफ थे। हम लोगों को प्रोटोकॉल मिला था कि हम हॉस्टल में ही रहें। ताकि वो लोग मिस कंसेप्शन में न आएं। जब आप पढ़ने को आएं हैं तो इस बात को लेकर क्यों परेशान रहते हो कि हमें घूमने को नहीं मिल रहा है? सड़क पर क्यों दिखाई दे रहें हैं। छात्रा ने कहा- हर कंट्री में कुछ ऐसे लोग होते हैं कि छोटी सी चीज को बड़ा कर देते हैं, ऐसा यहां भी हुआ। अफवाहें बहुत फैलाई गईं। पहले भी कुछ घटनाएं होती रही हैं लेकिन इस बार ज्यादा लाइमलाइट में आ गई। चिंता की कोई बात नहीं है।

# हरिभूमि-आईएनएच पहुंचा किर्गिस्तान, एमबीबीएस कर रहे स्टूडेंट ने कहा- ऑल इस वेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

किर्गिस्तान में स्थानीय और विदेशी छात्रों के बीच झड़प के बाद भारत में पालक चिंतित हैं। देश-दुनिया की मीडिया में अलग-अलग तरह की खबरें प्रचारित और प्रसारित हो रही हैं। 13 मई को शुरू हुए विवाद ने 17 मई को विवाद का रूप लिया था और स्थानीय लोगों की विदेशी, खासतौर पर पाकिस्तानी छात्रों के साथ झड़पें हुई थीं। तब से चर्चाएं फैल रही थीं। इनकी हकीकत जानने के लिए हरिभूमि और आईएनएच मीडिया समूह के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी किर्गिस्तान पहुंचे। वहां अध्ययरत छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सहित देशभर के छात्र-छात्राओं से चर्चा की। सबने कहा, अब वहां कोई तनाव नहीं है- ऑल इस वेल। सबकुछ पहले की तरह सामान्य हो गया है। पढ़ाई शुरू हो गई है। भारतीय छात्रों ने बताया है कि अब उनके ▶▶| शेष पेज 4 पर



## विवाद के बाद घबरा गए थे छात्र, अब हालात सामान्य

### भारत के मुकाबले सस्ती है मेडिकल एजुकेशन

यहां भारत से मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे यहां मेडिकल की पढ़ाई करने आते हैं। हिंदुस्तान के मुकाबले यहां मेडिकल की पढ़ाई सस्ती पड़ती है। अगर भारत में किसी प्राईवेट मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई की फीस 25-30 लाख है तो यहां यह फीस 5-7 लाख रुपए सालाना होती है। यहां आने वाले बच्चे को लेकर 13 मई के बाद ये खबर आनी शुरु हुई कि जिन बच्चों को उनके मां-बाप ने भविष्य संवारने के लिए भेजा था, उनका वर्तमान खतरे में पड़ा गया। वर्तमान इसलिए खतरे में पड़ गया कि एक खबर यहां से आई कि यहां के स्थानीय वाशिंदों के साथ विदेशी मूल के छात्रों के साथ टकराव हो गया। हम वहां पहुंचे और बच्चों से बातचीत की, ▶▶| शेष पेज 4 पर

### उदयपुर की छात्रा ने कहा-ऑल इस वेल

उदयपुर, राजस्थान की एक छात्रा सुधांशी आचार्य ने कहा वह एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हूं। अभी माहौल सब ठीक हो चुका है। हमें सब ठीक लग रहा है, जो लड़ाई थी वह लोकल और इजीप्शन के बीच हुई थी। वह अब ▶▶| शेष पेज 4 पर

### झारखंड की छात्रा ने कहा, तनाव था, लेकिन अब खतरा नहीं

वहीं मौजूद झारखंड की छात्रा ने कहा कि पहले थोड़ा तनाव था लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं है, हम लोग सारी जगह जा रहे हैं, सारी चीजे नार्मल है। इंडियन पर कोई अटैक नहीं हुआ था। वो पाकिस्तानी के साथ मिस कंसेप्शन था। यहां कोई किसी ने नहीं डर रहा है। हमें भी लोकल्स से प्यार है, उन्हें भी हमसे प्यार हैं। इस घटना के बाद लोकल्स ने भी सॉरी बोला था। यहां के लोग अच्छे हैं मिस कंसेप्शन की वजह से ऐसा हुआ था। एक छात्रा से पूछा गया कि ▶▶| शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### टर्बुलेंस में फंसी कतर एयरवेज की फ्लाइट, 12 घायल

**नई दिल्ली।** दोहा से डबलिन के लिए उड़ान भरी कतर एयरवेज की फ्लाइट के टर्बुलेंस में फंस जाने की वजह से 12 लोग घायल हो गए हैं।



घायलों में 6 क्रू मेंबर भी शामिल हैं। पांच दिन पहले भी इसी तरह की एक घटना सामने आई थी जब लंदन से सिंगापुर जा रही सिंगापुर एयरलाइंस का विमान कई हजार फीट नीचे आ गया था।

### कश्मीर में आम चुनाव के दौरान 95 करोड़ की जब्ती

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के निर्वाचन अधिकारियों ने केंद्र शासित प्रदेश की पांच लोकसभा



सीट पर चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली नकदी और मुफ्त की शराब समेत 95 करोड़ रुपए की जब्ती की। मतदान के दशकों पुराने रिकॉर्ड टूट गए।

### झुग्गियों से टकराई बस 4 मजदूरों की मौत

**पणजी।** दक्षिण गोवा जिले के एक औद्योगिक इलाके में एक निजी बस ने सड़क किनारे स्थित दो



झुग्गियों को टक्कर मार दी। इससे चार मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना शनिवार रात करीब 11.30 बजे वर्ना इलाके में हुई जब सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूर झुग्गियों के अंदर सो रहे थे।

### सड़क हादसे में बच्चे समेत पांच की मौत

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले में बहराइच राजमार्ग पर नकहा के पास रविवार को एक




तेज रफ्तार वैन और रोडवेज की बस के बीच भिड़त होने से एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। यात्रियों से भरी वैन बहराइच की ओर से लखीमपुर जा रही थी।

### पाकिस्तान अभिनेता तलत हुसैन का निधन

**कराची।** पाकिस्तान के मशहूर अभिनेता तलत हुसैन का लंबी बीमारी के बाद एक निजी अस्पताल



में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। रेडियो, टीवी, थिएटर और सिनेमा के दिग्गज हुसैन को 'बंदिश', 'कारवां', 'हवाएं' और 'परछाइयां' जैसे धारावाहिकों के साथ-साथ कई फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए पहचाना जाता था।

### दिल्ली के बेबी केयर सेंटर में भीषण आग, मची अफरा-तफरी

# ऊपर अस्पताल, नीचे गैस की अवैध रिफिलिंग धमाके में उड़े सिलेंडर, सात नवजात की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली के शाहदरा के विवेक विहार इलाके में शनिवार देर एक बेबी केयर सेंटर में आग लग गई। आग से 12 बच्चों का रेस्क्यू कराया गया। अग्निकांड में बचाए गए 12 में छह नवजात बच्चों ने दम तोड़ दिया। जबकि एक नवजात की पहले ही मौत हो चुकी थी। सात नवजात बच्चों की मौत हुई है, पांच नवजात अस्पताल में भर्ती हैं, इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को इमारत से बचाया गया था लेकिन छह की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक बच्चे को मृत निकाला गया था। पांच का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनमें से एक की हालत भी गंभीर बनी हुई है। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 11:32 बजे दिल्ली के शाहदरा इलाके में आईआईटी ब्लॉक बी, विवेक विहार स्थित बेबी केयर सेंटर में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग के मुताबिक, चाइल्ड केयर सेंटर में बच्चे और स्टाफ मौजूद था। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी इमारत में फंसे स्टाफ और नवजात को बचान के लिए जुट गए।

*सिलेंडर ब्लास्ट के बाद आग लगने की संभावना, जांच के बाद होगा खुलासा*

*एलजी ने दिए जांच के आदेश, कहा- दोषियों को मिलेगी कठोर सजा*

### मालिक पर की गई कार्रवाई

सभी सात शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया है। अस्पताल के मालिक नवीन किची निवासी 258, भरोन एन्क्लेव, पश्चिम विहार, दिल्ली के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

राजकोट के बाद दिल्ली में भीषण हादसा हो गया। यहां एक बेबी केयर अस्पताल में लगी आग में 7 नवजात बच्चों की मौत हो गई। अस्पताल में आग लगने के बाद 12 नवजात बच्चों को बाहर निकाला गया था। हालांकि, 7 बच्चों की मौत हो गई जबकि 5 बच्चों का इलाज चल रहा है। इधर, रविवार को अस्पताल के मालिक का गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच, एलजी ने जांच के निर्देश दिए हैं।




### खिड़कियां तोड़कर निकाले गए नवजात

शाहदरा जिले के विवेक विहार में बेबी केयर सेंटर में आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शोर शराबे के बीच स्थानीय लोग मदद के लिए भागे। देखते ही देखते आग ने ऊपरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग के साथ मिलकर इमारत के पीछे की ओर की खिड़कियां तोड़ीं और किसी तरह वहां से नवजात बच्चों को एक-एक कर निकाला। एक नवजात मृत मिला। जबकि बचाए गए सभी नवजात बच्चों को दूसरे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, इलाज के दौरान छह नवजात बच्चों ने दम तोड़ दिया। पांच की हालत गंभीर बनी हुई है।

### अवैध ऑक्सीजन की रिफिलिंग, 4 सिलेंडर फटे

एक स्थानीय मुकेश बंसल नाम ने बताया कि बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर अवैध ऑक्सीजन सिलेंडर रीफिलिंग का काम चलता था। पार्षद से इसकी शिकायत भी की थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। यह सब पुलिस की नाक के नीचे हो रहा था। मुकेश पहले हॉस्पिटल के बगल में रहते थे। हालांकि, सिलेंडर रीफिलिंग के कारण वे दूसरी गली में रहने चले गए।

### परिजन बोले- नहीं मिल रहा बच्चा

घटना के बाद अपने बच्चे की तलाश कर रही एक महिला ने बताया- मेरा बच्चा पिछले तीन दिनों से यहां भर्ती था। उसे सिर्फ बुखार था। सुबह एक रिश्तेदार से आग लगने की खबर मिली। अस्पताल से कोई जानकारी नहीं दी गई। सुबह से इधर-उधर भाग रहे हैं, लेकिन बच्चा नहीं मिल रहा है। अपने भाई के बच्चे को खोज रहे सुमित ने कहा- 20 मई को मेरे भाई के बच्चे को न्यू बोर्न बेबी केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### राजकोट गेम जोन में आग

## छह पार्टनर पर केस दर्ज, दो गिरफ्तार



**राजकोट।** गुजरात के राजकोट शहर में गेम जोन में आग लगने से 27 लोगों की मौत के बाद पुलिस ने इसके छह साझेदारों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने संवाददाताओं को बताया कि स्थानीय पुलिस ने नवंबर 2023 में गेमिंग जोन के लिए बुकिंग लाइसेंस दिया था, जिसे एक जनवरी से 31 दिसंबर 2024 तक की अवधि के लिए नवीनीकृत किया गया था। अधिकारी ने कहा, /"गेम जोन को सड़क और भवन विभाग से अनुमति मिल गई थी। इसने अग्निशमन संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त करने के लिए अग्नि सुरक्षा उपकरण का प्रमाण भी जमा किया था।

### पीएम मोदी ने दिए दो-दो लाख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजकोट शहर के एक 'गेम जोन' में आग लगने की घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पीएमओ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हादसे में घायल लोगों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, कहा- मानव निर्मित आपदा

गुजरात उच्च न्यायालय की एक विशेष पीठ ने रविवार को राजकोट के एक गेम जोन में आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा बताया है। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे गेमिंग जोन और मनोरंजक सुविधाएं सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी के बिना बनाए गए हैं।

### आधी रात लैंडफाल, पीएम मोदी ने ली बैठक

# चक्रवात 'रेमल' का प्रचंड रूप कोलकाता से 394 उड़ानें रद्द

एजेंसी ▶▶| कोलकाता/ नई दिल्ली

चक्रवाती तूफान 'रेमल' ने और प्रचंड रूप अख्तियार कर लिया है। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए सभी उड़ानों को रोकने का फैसला किया है। इससे करीब 394 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इनमें से 28 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें हैं. इससे अंततः कुल 63,000 यात्री प्रभावित होंगे। इसके अलावा कई ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया है।

- 110 से 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं
- 21 घंटे के लिए सभी उड़ानों को रोकने का फैसला

मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि 'रेमल' के तटों पर पहुंचने पर 110 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और उनका वेग 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगा। चक्रवात के कारण पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा और कोलकाता एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है। मौसम कार्यालय ने बताया कि 'रेमल' उत्तर की ओर बढ़ रहा है। यह तूफान मोंगला बंदरगाह के दक्षिण-पश्चिम के निकट सागर द्वीप पहुंचेगा।





### उड़ानों पर रोक

कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों ने चक्रवात 'रेमल' के संभावित प्रभाव के कारण रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए उड़ान संचालन निलंबित करने का फैसला किया है। भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई) के एक प्रवक्ता ने कहा कि उड़ान निलंबन अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों क्षेत्रों में आने-जाने वाली कुल 394 उड़ानों का हवाई अड्डे से संचालन नहीं होगा।

### यहां भारी बारिश

असम और मेघालय में अत्यधिक भारी बारिश होने की आशंका है। मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में 27-28 मई को भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है।

### कई ट्रेन रद्द

चक्रवात को देखते हुए पूर्वी और दक्षिण पूर्वी रेलवे ने एहतियात के तौर पर दक्षिण और उत्तर 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिले के तटीय जिलों में कई ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी हैं। कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह में भी चक्रवात के पूर्वानुमान के कारण रविवार शाम से 12 घंटे के लिए माल एवं कंटेनर प्रबंधन परिचालन निलंबित रहेगा।

**भारतीय फिल्मकारों के लिए शानदार रहा यह साल**

# कान फिल्म महोत्सव में भारत का जलवा, मिले तीन पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| कान

भारत के लिए इस साल का कान फिल्म महोत्सव शानदार रहा और पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट, एफटीआईआई के छात्र चिदानंद एस. नाइक की सनफ्लावर वेयर द फर्स्ट वन्स टू नो, और द शेमलेस की अनसूया सेनगुप्ता को अलग-अलग श्रेणी में प्रमुख पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। 77वां संस्करण निस्संदेह देश के लिए सबसे अच्छा रहा। इस दौरान आठ भारतीय या भारत पर आधारित फिल्मों को पुरस्कार प्रतिस्पर्धाओं में जगह मिली। एफटीआईआई की पूर्व छात्रा कपाड़िया ने ▶▶| शेष पेज 4 पर



### कपाड़िया ने तोड़ा रिकॉर्ड

पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट 30 वर्षों में मुख्य प्रतियोगिता में दिखाई गई पहली भारतीय फिल्म और किसी भारतीय महिला निर्देशक की पहली फिल्म है। इससे पहले आखिरी बार शाजी एन करुण की फिल्म स्वाहम (1994) प्रदर्शित की गई थी। 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल के आखिरी दिन शानदार अवॉर्ड फंक्शन हुआ, जहां भारतीय फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' ने इतिहास रच दिया।

### पीएम बोले- देश को कपाड़िया पर गर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश को निर्देशक पायल कपाड़िया पर गर्व है, जो अपनी फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' के लिए 2024 के कान फिल्म महोत्सव में 'ग्रैंड प्रिक्स' पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म निर्माता बन गई हैं।

### शाहजहांपुर में बड़ा हादसा, 10 घायल

# बस पर पलट गया गिट्टी से भरा डंपर, 11 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी ▶▶| शाहजहांपुर

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में पूर्णागिरि मंदिर दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस के ऊपर गिट्टियों से भरा डंपर (एक प्रकार का ट्रक) पलट जाने से 11 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में लोगों की मौत होने पर शोक संवेदना व्यक्त की। श्रद्धालु शनिवार रात एक निजी बस से पूर्णागिरी मंदिर दर्शन करने के लिए जा रहे थे।



### इनकी हुई मौत

मीणा ने बताया कि मृतकों की पहचान सुमन देवी (36), अजीत (15), आदित्य (आठ), रामगोपाल (48), रोहिणी (20), प्रमोद (30), छुटकी (50), शिव शंकर (48), सीमा (30) सुधांशु (सात) एवं सोनवती (45) के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना में 10 अन्य लोग भी घायल हुए हैं जिन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### बिना डीओ ट्रक में धान लोड करने का मामला भी पहुंचा थाने

# स्टॉक में 2 हजार क्विंटल धान कम, खरीदी केंद्र प्रभारी पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोरमी

**खबर का असर**

ग्राम गुरूवाइनडबरी के धान उपार्जन केंद्र में धान स्टॉक में 2095.20 क्विंटल की कमी एवं बिना डीओ के 240 क्विंटल धान ट्रक में लोडिंग करने के मामले में धान खरीदी केन्द्र प्रभारी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। हरिभूमि ने अपने 18 एवं 19 मई के अंक में इस खबर को प्राथमिकता से प्रकाशित की थी, इसके बाद जिला प्रशासन ने विभागीय अफसरों से भौतिक सत्यापन करवाया था, जिसमें जांच में गड़बड़ी सामने आई है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

## भौतिक सत्यापन और जांच के बाद दोनों मामलों में अपराध कायम


राजस्व विभाग ने कराया भौतिक सत्यापन
गुरूवाइनडबरी केंद्र में 2529 क्विंटल धान का शॉर्टेज


बिना डीओ उपार्जन केंद्र से 240 क्विंटल धान ट्रक में किया लोड



### रिपोर्ट दर्ज कराई गई

गुरुवाईनडबरी के धान खरीदी केंद्र प्रभारी के विरुद्ध लालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।
\- गिरधारी लाल यादव, एसडीएम

### जांच में मिली अनियमितता

गुरुवाईनडबरी खरीदी केंद्र प्रभारी के विरुद्ध दो मामले में जांच कराई गई है। दोनो में जांच कमेटी ने अनियमितता पाई है। जिसके बाद रामदास के खिलाफ एफआईआर कराई गई।
\- हितेश श्रीवास
जिला सहायक पंजीयक

## चिंतन

# जम्मू-कश्मीर में रिकार्ड मतदान उत्साहजनक

लोकसभा चुनाव छह चरण पूरे हो गए। छिटपुट घटनाओं के अलावा अभी तक मतदान शांतिपूर्ण हुए हैं। अब बस एक चरण के चुनाव बाकी हैं। छठे चरण के तहत 7 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश का 58 सीटों पर वोटिंग हुई है। इन आठ राज्यों में बिहार, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, हरियाणा और दिल्ली में वोट डाले गए। इस लोकसभा चुनाव के दौरान पिछले चुनावों के मुकाबले भाषणों, संबोधनों में भाषा की मर्यादा अधिक टूटी। इसमें पक्ष व विपक्ष दोनों ही दलों के नेताओं ने मर्यादाएं लांघी। इस बार वर्ष 2019 के मुकाबले अब तक सभी छह चरण में मतदान प्रतिशत में कमी आई है। छठे चरण में करीब 60 फीसदी मतदान हुआ है। चुनाव आयोग, प्रधानमंत्री, छोटे बड़े नेता और सेलिब्रिटीज आदि के अपील के बावजूद अपेक्षित रूप से मतदान प्रतिशत नहीं बढ़े। चरण वाइज देखें तो करीब पांच से आठ फीसदी कम मतदान हुए हैं। कम वोटिंग के पीछे अनेक कारण हो सकते हैं, लेकिन एक बड़ा कारण अत्यधिक लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते उबाऊ चुनाव अभियान हो सकता है। केंद्रीय निर्वचन आयोग को इस बिंदु पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस बार के चुनाव कार्यक्रम की सबसे बड़ी खामी बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर आदि समेत अनेक राज्यों में विभिन्न चरणों मतदान होना है। एक राज्य में एक ही फेज में चुनाव होना चाहिए। इससे कम से कम उस राज्य में चुनाव के प्रति उत्सुकता बनी रहती है। अलग अलग चरणों में एक ही राज्य में बार बार चुनाव होने से वोटिंग को लेकर माहौल में परिवर्तन आ सकता है। किसी एक राज्य में एक ही चरण में मतदान व किसी दूसरे राज्य में पांच से सात चरणों में मतदान, उस राज्य के नागरिकों के प्रति अविश्वास जैसा है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग को इस पक्षपात पूर्ण रवैये को खत्म करना चाहिए। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि वह एक राज्य में एक साथ एक चरण में मतदान कराए। इस बार के आम चुनाव की खास उपलब्धि है जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत में भारी बढ़ोत्तरी। जम्मू-कश्मीर में शुरू के चरणों में करीब 35 फीसदी मतदान हुए तो छठे चरण में 50 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है। छठे चरण में जम्मू की एक लोकसभा सीट पर 52.28 फीसदी वोट डाले गए। वहां अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान के निरस्तीकरण के बाद पहली बार आम चुनाव हो रहा है। वहां के स्थानीय दल व नेता जिस प्रकार से धारा 370 को लेकर केंद्र के फैसले का विरोध करते रहे हैं, उससे लगा था कि इसका असर मतदान पर पड़ेगा, लेकिन जिस तरह से जनता ने मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है, उससे कश्मीरी नेताओं की चेतावनियों की हवा निकल गई है। जम्मू-कश्मीर में मतदान में बढ़ोत्तरी वहां आ रहे सकारात्मक बदलाव को दर्शा रही है। अधिक मतदान से उत्साहित गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि अब वहां विधानसभा के चुनाव जल्द कराए जाएंगे और जल्द ही पूर्ण राज्य का दर्जा भी बहाल होगा। शाह ने संकेत दिए हैं कि वहां 30 सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव होंगे। विधानसभा चुनावों के बाद राज्य का दर्जा भी बहाल कर दिया जाएगा। यह कश्मीर के लिए जरूरी है। कश्मीर में आतंकवाद की कमी आई है, पर्यटकों का जाना बढ़ा है, वहां अब जनता शांति को महसूस कर रही है। परिसीमन का काम भी पूर्ण ही हो गया है। ऐसे में विधानसभा चुनाव के लिए सही अवसर है। वहां एक चुनी हुई सरकार होनी ही चाहिए।



विश्लेषण
प्रो. निरंजन कुमार

# संविधान सम्मत नहीं धार्मिक आरक्षण

आरक्षण हमेशा से ही जनता और राजनीतिक दलों के बीच आकर्षण का मुद्दा रहा है। ऐतिहासिक दृष्टि से भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय संविधान समाज में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए आरक्षण लागू करने की बात करता है। सियासी पार्टियों ने आजादी के बाद से ही आरक्षण को महज राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना शुरू किया, जिसकी वजह से कई बार न्यायपालिका को हस्तक्षेप भी करना पड़ा। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय की सभी जातियों को ओबीसी में शामिल कर लेने पर सवाल उठाया है।

आरक्षण सदैव से ही जनता और राजनीतिक दलों के बीच आकर्षण का मुद्दा रहा है। ऐतिहासिक दृष्टि से भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय संविधान समाज में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए आरक्षण लागू करने की बात करता है। सियासी पार्टियों ने आजादी के बाद से ही आरक्षण को महज राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना शुरू किया, जिसकी वजह से कई बार न्यायपालिका को हस्तक्षेप भी करना पड़ा।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने अभी पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार द्वारा वर्ष 2010 से सभी मुस्लिम जातियों को ओबीसी कोटे में आरक्षण देने के फैसले को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य में सेवाओं व पदों पर रिक्तियों में इस आरक्षण को अवैध करार देते हुए कहा कि इन समुदायों को ओबीसी घोषित करने के लिए वास्तव में मजहब या धर्म ही एकमात्र मानदंड प्रतीत होता है। कोर्ट ने आगे स्पष्ट स्वर में कहा कि मुस्लिमों के कुछ वर्गों को राजनीतिक उद्देश्य के लिए ओबीसी आरक्षण दिया गया। यह लोकतंत्र और पूरे समुदाय का अपमान है। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि 'जिन समुदायों को बंगाल के आयोग ने ओबीसी आरक्षण दिया,वह जल्दबाजी में दिया गया क्योंकि यह ममता बनर्जी का चुनावी वादा था और सत्ता हासिल करते ही इसे पूरा करने के लिए असंवैधानिक तरीका अपनाया गया'।

यहां यह सवाल उठता है कि क्या भारत में मजहब के आधार पर आरक्षण दिया जा सकता है? संविधान में चूंकि भारत को एक पंथ निरपेक्ष राज्य घोषित किया गया है, इसलिए यह प्रश्न और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। दरअसल संविधान में धार्मिक आधार पर आरक्षण देने का कोई प्रावधान नहीं है। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर भी धार्मिक आधार पर आरक्षण देने के पक्ष में नहीं थे। संविधान सभा में आंबेडकर ने बार-बार आगाह किया था कि धर्म के आधार पर देश का एक विभाजन हो चुका है। अब हमें फिर ऐसी कोई स्थिति नहीं पैदा करना चाहिए जो देश को विभाजन की ओर धकेले। उनका स्पष्ट मानना था कि आरक्षण धार्मिक आधार पर न होकर सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक होना चाहिए। इन आधारों पर पिछड़े समुदायों को आगे बढ़ाने के लिए ही आरक्षण होना चाहिए। भारतीय संविधान में उल्लिखित आरक्षण संबंधी प्रविधानों को देख लिया जाए, तो अनुच्छेद 15(4) के अनुसार राज्य को सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े नागरिकों के किसी वर्ग या अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की उन्नति के लिए विशेष उपबन्ध करने का अधिकार है। यहां समझना आवश्यक है कि अनुच्छेद 15(4) के अनुसार धर्म के आधार पर किसी पूरे समुदाय के लिए विशेष उपबन्ध करना अर्थात आरक्षण देना वस्तुतः असंवैधानिक होगा। यह तर्कसम्मत भी है कि केवल धर्म विशेष के आधार पर ही कोई पूरा समुदाय पिछड़ा कैसे हो सकता है? फिर संविधान के अनुच्छेद 16(4) में उल्लिखित है कि इस अनुच्छेद कि कोई बात राज्य को नागरिकों के किसी पिछड़े वर्ग के पक्ष में नियुक्तियों या पदों के आरक्षण के लिए कोई प्रावधान करने से नहीं रोकेगी, जिसका राज्य की राय में, राज्य के तहत सेवाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है।

यहां समझना महत्वपूर्ण है कि दोनों ही अनुच्छेदों में



विशेष उपबंध या आरक्षण का आधार पिछड़ापन है और, पिछड़ापन का आधार होगा सामाजिक और शैक्षिक, न कि धार्मिक। हमारा संविधान मुसलमानों को आरक्षण से बाहर नहीं रखता। मुस्लिम समुदाय की वे जातियां जिनको केंद्र या राज्य सरकारों ने पिछड़े वर्ग की सूची में सम्मिलित कर लिया है, उनको आरक्षण का लाभ मिलता है। यह भी स्पष्ट है कि पूरे मुस्लिम समुदाय को एकमुश्त आरक्षण नहीं मिल सकता। केवल उन्हीं मुसलमानों को आरक्षण मिलेगा जो पिछड़ेपन के मानकों को पूरा करेंगे। मुसलमानों को एकमुश्त आरक्षण या ओबीसी कोटे में अलग से आरक्षण वास्तव में यह संविधान के खिलाफ तो होगा ही, ओबीसी जातियों और अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण कोटे में सेंधमारी भी होगी। इसके बावजूद अनेक दल अपने सियासी फायदे के लिए इसे लागू करने का बयान देते हैं, तो कुछ लागू भी करते रहे हैं। धार्मिक आधार पर आरक्षण देना वास्तव में भारतीय संविधान का चीरहरण ही है किंतु, फिर भी भारत में कई राज्यों में धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जा रहा है। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक तमिलनाडु और केरल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर भारत के कुछ राज्यों में भी मुसलमानों को आरक्षित श्रेणियों में आरक्षण दिया जाता है। आजादी के बाद धार्मिक आधार पर आरक्षण देने का सबसे पहला मामला 1956 में केरल के पुनर्गठन के बाद वामपंथी सरकार के समय आया, जिसमें 40% आरक्षण ओबीसी के लिए था और उसी के अंतर्गत एक उप कोटा बनाया गया जिसमें 10 प्रतिशत हिस्सेदारी मुस्लिमों की थी। वर्तमान समय की बात करें तो केरल में सरकारी नौकरियों में मुस्लिमों की हिस्सेदारी बढ़कर 12% हो गई है। तेलंगाना की बात करें तो यहां भारत राष्ट्र समिति की सरकार के सीएम के. चंद्रशेखर राव ने अपने कार्यकाल में राज्य के मुस्लिमों को ओबीसी के तहत 4 प्रतिशत की हिस्सेदारी दी थी। कांग्रेस सरकार ने इसे 4% से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने की कोशिश की, किन्तु केंद्र सरकार से मंजूरी न मिलने पर इसमें अभी कामयाबी नहीं मिली। आंध्र में वर्ष 2004 में कांग्रेस के मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी के समय में मुस्लिमों की कई जातियों को ओबीसी में शामिल करते हुए उन्हें 5 प्रतिशत आरक्षण देने की सिफारिश की। हालाँकि आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। इसके बावजूद 2005 में कांग्रेस ने अध्यादेश लाकर 5 प्रतिशत कोटे की घोषणा की, किन्तु कोर्ट ने पुनः इस अध्यादेश को स्थगित कर दिया।

तमिलनाडु में धर्म के आधार पर मुस्लिमों और ईसाइयों को 3.5 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। कर्नाटक में भी मुस्लिमों को राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य में ओबीसी के लिए आरक्षित 32 प्रतिशत कोटा में 4 प्रतिशत की एक अलग उपश्रेणी बनाई गई थी, जिस पर सिर्फ मुस्लिमों का हक था। इसको पिछली बीजेपी सरकार ने खत्म कर दिया था। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय की सभी जातियों को ओबीसी में शामिल कर लेने पर सवाल उठाया है। अभी हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि कांग्रेस ने देश के लगभग 9,000 संस्थानों को अल्पसंख्यक नाम दे दिया है। इस प्रकार इन संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण का रास्ता बंद कर दिया गया है। यहाँ स्पष्ट करे दें कि मुसलमान भी इस देश के अभिन्न हिस्से हैं, और संविधान सम्मत आरक्षण उन्हें भी ओबीसी श्रेणी और अनुसूचित जनजाति श्रेणी में मिल रहा है। इसके अतिरिक्त संविधान के अनुच्छेद 15(6) और 16(6) के तहत ईडब्ल्यूएस श्रेणी का 10% आरक्षण नरेंद्र मोदी सरकार ने 2019 में जो आरंभ किया, उस श्रेणी में भी मुस्लिमों को आरक्षण का लाभ मिलता है। केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल ने ईडब्ल्यूएस कोटा अपनाया है। लेकिन मजहब के आधार पर एक मुश्त मानकर उन्हें अलग से आरक्षण देना निहायत ही खतरनाक मुद्दा है। आज जो भी दल धर्म आधारित आरक्षण का मुद्दा उठाते हैं वे एक तरह से तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं।

(लेखक डीयू में सीनियर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## रिमोट वोटिंग सिस्टम
प्रमोद भार्गव



# प्रवासियों का मतदान जरूरी

लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान लगभग 61.66 प्रतिशत रहा। तमाम प्रयासों के बावजूद निर्वाचन आयोग द्वारा दी जानकारी के मुताबिक देश में हुए मतदान का प्रतिशत 60 के करीब रहा है। अंतिम सातवें चरण का मतदान शेष है। यह मतदान भी लगभग 60 के करीब रहेगा। छठें चरण में लोगों ने प्रचंड गर्मी के बावजूद मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूर्ण के करीब मतदान नहीं होने का प्रमुख कारण चालीस से पैंतालीस करोड़ के बीच वे प्रवासी मतदाता हैं, जो मतदान के दिन मूल निवास स्थल पर उपस्थित नहीं रह पाते हैं। अतएव इन मतदाताओं को भी जहां हैं, वहीं मतदान करने की सुविधा मिल जाए तो मतदान का औसत प्रतिशत 90 से ऊपर पहुंच सकता है ? इस नजरिए से चुनाव आयोग ने घर से दूर रहने वाले मतदाताओं के लिए रिमोट वोटिंग सिस्टम (आरवीएस) तैयार किया है। इस मशीन की मदद से मूल मतदान स्थल से दूर रह रहे किसी दूसरे राज्य या शहर में रहने वाले मतदाता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं। यह उपाय मत-प्रतिशत बढ़ाने का काम करेगा। आयोग ने घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए आरवीएस मशीन विकसित कर उल्लेखनीय पहल की है। इसकी जरूरत इसलिए थी, क्योंकि बड़ी संख्या में देश के मतदाता मजदूरी, पढ़ाई-लिखाई, नौकरी और अन्य काम-धंधों के लिए मूल निवास स्थल छोड़ जाते हैं, इसलिए वे चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते। आयोग का कहना है कि 2019 के आम चुनाव में करीब 30 करोड़ यानी 67.4 प्रतिशत लोग इन्हीं कारणों के चलते अपने मत का उपयोग नहीं कर पाए थे। लंबे समय से यह मांग उठ रही थी कि इन देशज प्रवासियों के मतदान का कोई व्यावहारिक उपाय निकाला जाना चाहिए। इस सिलसिले में आयोग ने दावा किया है कि यह मशीन त्रुटिहीन बनाई गई है, इसलिए मतदान निष्पक्ष होगा। हालांकि मतदान की इस प्रक्रिया को इंटरनेट से नहीं जोड़ा जाएगा। आयोग फिलहाल इसे प्रायोगिक तौर पर लागू करना चाहता है, जिससे इसके प्रयोग की निष्पक्षता स्पष्ट हो जाए। बाद में इसे पूरे देश में अनिवार्य बना दिया जाएगा। अनेक चुनाव विशेषज्ञ इस प्रणाली को एक क्रांतिकारी पहल मानकर चल रहे हैं। आईआईटी मद्रास की मदद से 'मल्टी कॉन्स्टीचुएंसी रिमोट ईवीएम' के रूप में ऐसा मतदान उपकरण तैयार किया गया है, जो एक रिमोट मतदान केंद्र से 72 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रवासियों का मतदान कराने में सक्षम होगा। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि इस साल होने वाले 9 राज्यों के चुनाव में इसका प्रयोग संभव हो पाएगा, लेकिन भविष्य में इसका प्रयोग होना तय है। 2023 में जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव होना संभावित हैं। यदि यहां इस मशीन का इस्तेमाल होता है तो घाटी के उन घरेलू प्रवासियों को मतदान की सुविधा मिल जाएगी, जो लाखों की संख्या में जम्मू समेत दिल्ली एवं अन्य राज्यों व नगरों में रह रहे हैं। हालांकि आरवीएम के इस्तेमाल को लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने विरोध जता दिया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे मतदान के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा। जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दल तो इस मशीन के प्रयोग पर किसी भी स्थिति में राजी नहीं होंगे, क्योंकि वे जानते हैं कि घाटी से पलायन करने वाले करीब पांच लाख विस्थापितों को मतदान की आसान सुविधा मिल गई तो चुनाव में उनकी दाल गलने वाली नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आदर्श स्थिति यही है कि हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। इस नाते 2005 में भाजपा के एक सांसद लोकसभा में 'अनिवार्य मतदान' संबंधी विधेयक लाए भी थे। लेकिन बहुमत नहीं मिलने के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस व अन्य दलों ने इस विधेयक के विरोध का कारण बताया था कि दबाव डालकर मतदान कराना संविधान की अवहेलना है। क्योंकि भारतीय संविधान में अब तक मतदान करना मतदाता का स्वैच्छिक अधिकार तो है, लेकिन वह इस कर्तव्य-पालन के लिए बाध्यकारी नहीं है। मतदान की अनिवार्यता अथवा आरवीएम से सुविधा का मतदान कथित अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को 'वोट बैंक' की लाचारगी से भी छुटकारा दिलाएगी। राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से निजात मिलेगी, क्योंकि जब प्रवासियों को आरवीएम से मतदान की सुविधा मिल जाएगी तो किसी धर्म, जाति या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत खत्म हो जाएगी। नतीजतन उनका संख्याबल जीत अथवा हार को प्रभावित नहीं कर पायेगा। अतएव अधिकतम मतदान के हालात आरवीएम के इस्तेमाल से निर्मित होते हैं तो भारतीय राजनीति संविधान के उस सिद्धांत का पालन करने को विवश होगी, जो सामाजिक न्याय और समान अवसर की वकालात करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।


## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे योद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जैव विविधता का महत्त्व

22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस दुनिया के बहुत से देशों में मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण और प्रकृति के बीच एक संतुलन बनाकर रखना भी है। वर्ष 1992 में नैरोबी में जैव विविधता का सम्मेलन हुआ था। वहां पर इस दिवस को मनाने का फैसला लिया गया था। धरती पर अनेक जीव, जंतु और पेड़-पौधे हैं। ये सभी एक-दूसरे से अलग-अलग हैं, अर्थात इनमें विभिन्नता है। यह विभिन्नता ही जैव विविधता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इनमें बेशक विभिन्नता है, लेकिन एक दूसरे पर किसी न किसी रूप में निर्भर जरूर हैं। हमारा देश जैव विविधता प्रधान देश है। जैव विविधता के संरक्षण के लिए पर्यावरण का संरक्षण बहुत जरूरी है, लेकिन हम आधुनिकता और भौतिकतावादी चकाचौंध में अंधे हो गए हैं तथा पर्यावरण का संरक्षण करना भी भूल गए हैं।

*- विनोद राठी, डोंगरगढ़*

## ट्रेंड

### विफलता का मॉडल



नवीन बाबू के राज में ओड़िशा की महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा की यह दुर्दशा है। अपने पक्ष में वोट नहीं पड़ने पर बीजू जनता दल के लोग माँ-बेटियों और बहनों के साथ मारपीट पर उतर आए। लोकतांत्रिक अधिकारों को बलपूर्वक छीनना सरकार की विफलता का मॉडल है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### अज्ञान ही दुःखों का कारण



समस्त दुःखों और समस्याओं का कारण हमारा अज्ञान है। आत्मबोध प्राप्ति के बाद द्वैत विलीन हो जाता है और आनंद शांति समाधान जैसी दिव्यताएं प्रकट होने लगती हैं। सर्वत्र एक ही ब्रह्म विस्तृत है। अतः ज्ञानार्जन की दिशा में सक्रिय प्रयास हों।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### पद की मर्यादा रखें



प्रधानमंत्री जी ने अपने भाषण में विपक्ष के नेताओं के लिए ऐसे-ऐसे शब्द इस्तेमाल किए जो इतिहास में किसी प्रधानमंत्री ने इस्तेमाल नहीं किए। क्या उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती कि पद की मर्यादा रखें?

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### साजिश का सिद्धांत



सभी अवैध लोगों के लिए नागरिकता का लक्ष्य सीनेट के नेता द्वारा बहुत स्पष्ट रूप से बताया गया है। किसी भी कारण से, बहुत से लोग अभी भी यही सोचते हैं कि यह कोई साजिश सिद्धांत है!

-एलन मस्क, उद्योगपति

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# चीन से गिड़गिड़ाया कर्ज में दबा हुआ पाकिस्तान



खराब आर्थिक स्थिति से जूझ रहे पाकिस्तान ने एक बार फिर मदद के लिए चीन की ओर देखा है। पाकिस्तान ने चीन से करीब 17 अरब डॉलर की सहायता मांगी है। पाकिस्तान की ओर से चीन से कुल 2100 मेगावाट की तीन बिजली उत्पादन परियोजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू करने का अनुरोध किया है। साथ ही चीनी फंड के लिए सात बुनियादी ढांचा योजनाओं का प्रस्ताव रखा है। इस्लामाबाद का ये कदम चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के पहले फेज का और विस्तार करने की कोशिश है। पाकिस्तान ने चीन से चार सड़कों और पुल परियोजनाओं के अलावा डायमर बाशा बांध, हैदराबाद-सुक्कुर मोटरवे और पाकिस्तान रेलवे की मेनलाइन-। परियोजना को वित्तपोषित करने का अनुरोध किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से प्रस्ताव में जिन 9 ऊर्जा और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का रखा गया है। उसमें 17 अरब डॉलर से ज्यादा का खर्च होगा, इसमें ऊर्जा योजनाओं की 4 .5 अरब डॉलर की लागत भी शामिल है। पाक की ओर से यह अनुरोध सीपीईसी की सर्वोच्च संस्था, 13वीं संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की बैठक के दौरान किया गया।

## ऑफ बीट

# क्या रोने के बाद आप अधिक खुश महसूस करते हैं



समस्या बांटने से आधी रह जाती है। 'एज यूके' के एक शोध से पता चला है कि केवल 29 प्रतिशत वयस्क अपनी चिंताओं को साझा करते हैं, लेकिन इनमें से 36 प्रतिशत अपनी चिंताओं के बारे में किसी और से बात करने के बाद बेहतर महसूस करते हैं, किसी से अपनी मन की भावनाएं साझा करने से 26 प्रतिशत लोगों को राहत महसूस होती है और आठ प्रतिशत लोगों को लगता है कि साझा करने के बाद समस्या दूर हो जाती है। 'द सन' और 'डेली मेल' अखबारों ने चीन के चोंगकिंग में स्थित 'साउथवेस्ट यूनिवर्सिटी' द्वारा किए हाल में शोध पर प्रकाश डाला, जिसमें किशोरों से जुड़ा एक प्रश्न पूछा गया था : क्या वे किसी निजी समस्या या नकारात्मक भावना के बारे में मिलकर चिंतन करने से ज्यादा खुश रहते हैं? 'द सन' ने इसकी व्याख्या करते हुए लिखा, 'रोना या शिकायत करना वास्तव में हमें खुश कर सकता है - लेकिन केवल एक निश्चित परिवेश में।' डेली मेल के अनुसार : 'अपने दोस्तों के साथ मिलकर गुस्से में बात करना वास्तव में आपको अधिक खुश कर सकता है, ऐसा अध्ययन में पाया गया है।' 'साउथवेस्ट यूनिवर्सिटी' के शोधकर्ताओं का कहना है कि यदि किसी ऐसे व्यक्ति से ''मन की बात ईमानदारी'' से की जाती है जो आपको सहयोग एवं प्रोत्साहन देता है।




TEST DRIVE TODAY I CALL 1800 102 1800 I WWW.MARUTISUZUKI.COM/SWIFT

**VISHWABHARTI AUTOMOBILES**
**RAIPUR: MOWA:** 6262620000, 6262620012, 6262620047. **BASNA:** 6262620031. **ARANG:** 6262620007/14.

**HDN MOTORS**
**RAIPUR: TATIBANDH:** CALL: 7909800007, 7909800005. **BAGBAHRA :** 7909800034. **KURUD:** 7909800050. **SIMGA:** 7909800070.

**CHOUHAN AUTOMOBILES**
**BHILAI:** 7222910011, 22, 33. **KAWARDHA :**7222910044. **BEMETERA:** 7222910025. **BALOD:** 7222910012. **DALLIRAJHARA:** 7222910029

**SKY AUTOMOBILES**
**RAIPUR: MAHOBA BAZAR:** CALL: 9893307422,9584433191. **AVANTI VIHAR:** CALL: 9109900120, 9584433131. **DHAMTARI:** CALL: 9893307417. **BALODA BAZAR:** CALL: 9584433123, 9111107004. **SARAIPALI:** CALL: 9584433874. **KANKER:** 8889998604. **KASDOL:** 9584433135. **SARSIWA:** 9584433874. **TILDA:** 9584465301. **KHARORA:** 9584465301. **ABHANPUR:** 9584466869. **JAGDALPUR:** 9584433110, 9584465281. **KONDAGAON:** 7909903505.

**SPARSH AUTOMOBILES**
**RAIPUR: PACHPEDINAKA:** Call: 9926127774, 9669800435, 8435059922, 9039632618. **MAHASAMMUND**: Call: 8435019922, 8319900585. **BHATAPARA:** Call: 9285505780, 8269428131. **GARIYABAND:** Call: 9753225616: 8435119922. **PITHORA:** Call : 9926602080, 8224949998. **CHARODA:** Call: 6262043029, 9644824911. **DURG:** Call: 6262043029, 6202384986. **BHILAI:** Call: 9826440009, 9111107268, 9689214825, 9294603353. **KHAIRAGARH:** Call: 8839811678, 9827643832.

Terms and conditions apply. Creative visualization. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Accessories and features shown in the pictures may not be part of the standard equipment and may vary according to the variant. Images used are for illustration purpose only. Colours shown may vary from actual body colours due to printing on paper. *Fuel efficiency as certified by test agency Rule 115 of CMVR 1989.

## जैकेट के शेष

### चमत्कारिक शख्सियत हैं ....

यह तय है कि 2027 के आते-आते भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। विश्व स्तर पर भारत की बातों को पहले गंभीरता पूर्वक नहीं लिया जाता था, लेकिन आज स्थिति बदली है। आज भारत की बातों को गंभीरता से लिया जाता है। भारत आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है तो सारी दुनिया कान खोलकर सुनती है।

**▸▸ लोग आज भी कहते हैं कि आम लोगों के लिए क्या किया?**

▸▸ ▸▸ कोरोना काल में हमारे प्रधानमंत्री ने देश भर की जनता के लिए वैक्सीन की व्यवस्था की। प्रधानमंत्री ने हर प्रकार का समर्थन वैज्ञानिकों को दिया, हमारे वैज्ञानिकों ने करिश्मा किया। हमारे वैज्ञानिकों ने कोरोना की वैक्सीन तैयार की और 140 करोड़ भारतीयों को वैक्सीन लगाई गई। दुनिया के सौ देशों को भी कोरोना की वैक्सीन भारत ने दी। इतने संकट के बाद भी देश की अर्थव्यवस्था पर कोई संकट पड़ने नहीं दिया गया। मैं मानता हूं कि यह हमारी सरकार का करिश्मा है।

**▸▸ विपक्ष आरोप लगाता है पूंजीपतियों की सरकार है, उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया है, किसानों का कर्ज माफ नहीं करते हैं?**

▸▸ ▸▸ उद्योगपतियों का भी देश की अर्थव्यवस्था को बनाने में बड़ा योगदान है। ये परंपरा पहले से चली आ रही थी, ये लोग जन सामान्य को गुमराह करने का काम करते हैं।

**▸▸ कांग्रेस का घोषणपत्र परेशान तो नहीं कर रहा है, राहुल गांधी कहते हैं सरकार बनने पर महिलाओं को एक लाख साल का देंगे?**

▸▸ ▸▸ 52 साल तक इनकी सरकार थी, तब क्यों नहीं दिया। ये जानते हैं इनकी सरकार आनी ही नहीं है तो जो वादे चाहे कर ले, क्या फर्क पड़ता है। मेरा मानना है जनता की आंखों में धूल झोंककर किसी भी पार्टी या नेता को राजनीति नहीं करनी चाहिए। नैतिक साहस होना चाहिए जनता की आंखों में आंखें डालकर बात करें और जो कहें उसे करें भी। भाजपा के बारे में आज कोई कुछ नहीं कह सकता है। हम जो कहते हैं वो करते भी हैं। जनता को अंधेरे में रखकर राजनीति हम नहीं करते हैं। हम सिर्फ सरकार बनाने के लिए राजनीति नहीं कर रहे हैं, देश बनाने के लिए राजनीति कर रहे हैं।

**▸▸ आप रक्षा मंत्री हैं, हमारी सीमाओं की स्थिति क्या है, इसको लेकर सवाल खड़े किए जाते हैं?**

▸▸ ▸▸ हमारी सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं, थोड़े बहुत मामले रहे हैं, बातचीत चल रही है, परिणामों की प्रतीक्षा है। देश के मान सम्मान के साथ हमारी सरकार किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं करती है।

**▸▸ कश्मीर को लेकर कुछ कहना चाहेंगे?**

▸▸ ▸▸ कश्मीर के तो पूरे हालात ही बदल गए हैं। पहली बार बहुत ज्यादा मतदान हुआ है। मुझे ध्यान नहीं है कि पहले कभी इतना मतदान हुआ था।

**▸▸ भाजपा का 400 पार का लक्ष्य पाने के लिए है या मनोबल बनाए रखने के लिए है?**

▸▸ ▸▸ लक्ष्य कहना ठीक नहीं है, इसे संकल्प कह सकते हैं। हम आश्वस्त हैं कि इस संकल्प को पूरा करने का काम करेंगे।

**▸▸ ईवीएम को लेकर विपक्ष के आरोप पर क्या कहते हैं?**

▸▸ ▸▸ जिन राज्यों में विपक्ष जीत जाता है, वहां ईवीएम में गड़बड़ी नहीं होती है, जहां हार जाता है, वहां गड़बड़ी की बात की जाती है।

**▸▸ विपक्ष के गठबंधन को किस तरह से देखते हैं?**

▸▸ ▸▸ ये कैसा गठबंधन है, एक तरफ दिल्ली में आप के साथ मिलकर लड़ रहे हैं, वहीं पंजाब में साथ नहीं हैं। जमावड़ा है, जब तक चल रहा है चल रहा है।

**▸▸ दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी जीत जाती है?**

▸▸ ▸▸ अब आम आदमी पार्टी एक्सपोज हो चुकी है। कहा था दिल्ली में हमारी सरकार बनेगी तो हम मुख्यमंत्री निवास में नहीं रहेंगे। आप देखेंगे वहां पर मुख्यमंत्री निवास के नाम पर महल बनकर तैयार हो गया। अन्ना हजारे ने कहा था आंदोलन के बाद कोई राजनीति पार्टी नहीं बनेगी, लेकिन उनकी बात नहीं मानी और पार्टी बना दी। कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। ऐसे व्यक्ति को देश किसी भी रूप में स्वीकार नहीं सकता है।

**▸▸ सत्ता में काम करते ज्यादा संतोष मिला या संगठन में काम करते हुए?**

▸▸ ▸▸ दोनों का अपना अलग स्थान है। मंत्रालय की जिम्मेदारी रहती है तो देश के लिए काम करने का मौका मिलता है तो बड़ा संतोष होता है।

### पुलिस ने की ....

के मलबे में दबे होने की आशंका भी जताई जा रही है।

### गेट के सामने ....

कि बारूद फैक्ट्री हादसे में कितने मजदूरों की जान गई है यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन हादसे की भयावह स्थिति को 10 से 12 मजदूरों की मौत की आशंका है। अमित बघेल ने यह मांग की है कि मृतक के परिजनों को 50 लाख मुआवजा और आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जाए। बघेल ने कहा कि जब तक मजदूरों की स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती और मांगें पूरी नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बेमेतरा प्रशासन लापता मजदूरों के 9 परिजनों को फैक्ट्री के अंदर दोपहर से ले गया है, लेकिन शाम 7 बजे किसी भी मजदूर की साबुत बॉडी रिकवर नहीं हुई थी।

### मारे गए आठ ....

और पूर्वी बस्तर डिवीजन के टॉप नक्सल केडर की उपस्थिति की जानकारी मिली थी। जिस पर 21 मई को ऑपरेशन जलशक्ति के अंतर्गत जिला दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर के डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स के जवान तथा एसटीएफ के सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त ऑपरेशन लांच किया गया था। लगातार 72 घंटे तक सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच में ही रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी रही। जिसमें फायरिंग रुकने पश्चात आठ वर्दीधारी नक्सलियों के शव हथियार, विस्फोटक और दैनिक उपयोग की सामाग्री सहित बरामद हुए थे।

**पहचाने गए नक्सलियों के नाम** : इस मुठभेड़ में मारे गए सभी आठ वर्दीधारी नक्सलियों के शव की शिनाख्त कार्रवाई पूरी हो गई है। मारे गए नक्सलियों में विद्या गावडे निवासी कुरूसबोड़े थाना कोयलीबेड़ा जिला कांकेर उत्तर बस्तर डिवीजन एरिया कमेटी सदस्य 5 लाख इनामी, अर्जुन मण्डावी ग्राम सालेपाल थाना मालेवही जिला बस्तर पूर्वी बस्तर डिवीजन आमदई एरिया कमेटी सदस्य 5 लाख इनामी, रामबती कोवासी उर्फ सरिता कश्यप ग्राम बेडमा थाना मर्दापाल जिला कोंडागांव पूर्वी बस्तर डिवीजन आमदई एरिया कमेटी सदस्य 5 लाख इनामी, मंगली परसा उर्फ आसमती ग्राम बोड़गा कोंदोंडपारा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर इन्द्रावती एरिया कमेटी 16 नम्बर प्लाटून सेक्शन कमांडर 5 लाख इनामी, तुलसी कश्यप ग्राम कचनार थाना मालेवाही जिला बस्तर पूर्वी बस्तर डिवीजन आमदई एरिया कमेटी सदस्य 2 लाख इनामी, सुखदेव ग्राम वांगेल थाना जांगला जिला बीजापुर इंद्रावती एरिया कमेटी लोकल गुरिल्ला स्क्वॉड सदस्य 2 लाख इनामी, बुगुर जुर्री ग्राम आलवाडा थाना ओरछा जिला नारायणपुर इंद्रावती एरिया कमेटी लोकल गुरिल्ला स्क्वॉड सदस्य 2 लाख इनामी, मंगलू जुर्री ग्राम पड़को तुलतुली थाना ओरछा जिला नारायणपुर इंद्रावती एरिया कमेटी 16 नंबर प्लाटून सदस्य 2 लाख इनामी शामिल है।

### पहले दी मुर्गे की ...

में सुख-शांति और पैसा आएगा। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम महुआडीह निवासी 35 वर्षीय कमलेश नगेशिया पत्नी इंद्रमनी व दो बच्चों के साथ रहता था। युवक पिछले कुछ दिनों से अजीब हरकत कर रहा था। ऐसे में परिवार के सदस्य बैगा से झाड़फूंक करा रहे थे। 25 मई की रात 10 बजे कमलेश नगेशिया का अपनी मां सुखमनी से झगड़ा हो गया था। इस दौरान पत्नी इंद्रमनी व भाई नीलेश नगेशिया ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इस दौरान युवक ने महिला को बताया था कि उसके कान में आवाज आ रही है कि किसी को पूजूंगा और घर में चाकू लेकर घूम रहा था। घटना के बाद युवक की मां पड़ोस के घर में चली गई थी जबकि इंद्रमनी अपने दो बच्चों के साथ कमरे में सोने चली गई थी। रात लगभग 12 बजे जब इंद्रमनी की नींद खुली तो देखा कि उसका चार वर्षीय बेटा अविनाश नगेशिया बिस्तर पर नहीं है। ऐसे में महिला जब बाहर निकली तो देखा कि उसका पति घर की परछी में बैठा हुआ है। जब महिला ने पति से बेटे के बारे में पूछा तो आरोपी ने महिला को बताया कि उसके कान में आवाज आ रही थी किसी की बलि देने से घर में सुख शांति व पैसा आएगा इसलिए उसने बेटे को खेत में ले जाकर बलि दे दी है। पति की बात सुनकर महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। एक घंटे तक शोर शराबा करने के बाद महिला भी अपने डेढ़ वर्षीय बेटे को लेकर पड़ोस में चली गई।

### बिश्नोई गैंग से .....

से गिरफ्तार किया है। गैंग से जुड़े अन्य बदमाशों को दबोचने पुलिस की एक टीम झारखंड एटीएस की मदद ले रही है।

**बिश्नोई गैंग के साथ पीएफआई से जुड़ रहे तार** :पुलिस अफसर के अनुसार, अमन साहू गैंग के जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, उसके तार विश्नोई गैंग के साथ प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े होने की बात सामने आई है। गैंग के कुछ बदमाशों के खिलाफ एनआईए पीएफआई से जुड़े होने पर अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। साथ ही पुलिस गिरफ्त में आए गैंग के बदमाश विश्नोई गैंग के लिए सुपारी लेने का काम करते हैं।

### कोलकाता आईपीएल....

इस मैच में हैदराबाद टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 114 रनों का आसान टारगेट दिया था। इसके जवाब में केकेआर टीम ने 2 विकेट गंवाकर 10.3 ओवरों में ही मुकाबला और खिताब अपने नाम कर लिया।

### हैदराबाद ने बनाया .....

किसी भी फाइनल मुकाबले में सबसे छोटा स्कोर बनाने वाली टीम बन गई है। उसने चेन्नई सुपर किंग्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। चेन्नई टीम ने इससे पहले 2013 फाइनल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 9 विकेट पर 125 रन बनाए थे।

# 'पीएम मोदी किसानों का जरा भी सम्मान नहीं करते, वे सत्ता के लिए कुछ भी कर डालेंगे'

**पंजाब में प्रियंका ने उठाया किसानों का मुद्दा, मोदी पर साधा निशाना**

एजेंसी ▸▸| पटियाला



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने आज पंजाब में प्रचार अभियान की शुरुआत की। यहां पर उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम पंजाब के जज्बे को समझने में नाकामयाब हुए। उन्होंने कभी भी किसानों का सम्मान नहीं किया। किसानों ने ही देश को अपने खून पसीने से सींचकर आत्मनिर्भर बनाया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि सच्चाई यह है कि पीएम मोदी आपका जरा भी सम्मान नहीं करते हैं। वह सत्ता के लिए कुछ भी कर डालेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार के द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों को लेकर कहा कि इनकी वजह से करीब 700 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने यूपी में विधानसभा चुनाव होने से पहले ही तीनों कृषि कानूनों को वापस ले लिया। इससे इस बात का पता चल जाता है कि वह सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन किसानों के लिए कुछ भी नहीं करेंगे। फतेहगढ़ साहिब से कांग्रेस के उम्मीदवार अमर सिंह के लिए चुनाव प्रचार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि अपने किसानों का सम्मान करना देश की पुरानी परंपरा रही है। पिछले 10 सालों में इस सरकार ने किसानों के लिए केवल दिखावटी काम किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि हमारी पार्टी ने हमेशा किसानों का सम्मान किया है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि सभी को पता है कि वह हमारा पेट भरते हैं। हालांकि, मोदी सरकार के दिल में किसानों के लिए जरा भी सम्मान नहीं है।

### मोदी की नीतियां सिर्फ खरबपतियों के लिए

प्रियंका गांधी ने कहा कि किसानों के मामले में कोई भी सुनवाई नहीं हुई। इन्होंने यह नहीं सोचा कि लाखों किसान दरवाजे तक आए हैं तो इनकी बातों में कुछ तो दम होगा। अब चुनावी मंच पर आकर कहेंगे कि एमएसपी देंगे और आमदनी को दोगुना कर देंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि इनकी सभी नीतियां बड़े-बड़े खरबपतियों के लिए हैं। आज अगर किसान संकट में है तो इनकी नीतियां ही बड़ी वजह है। बच्चों की पढ़ाई करवाना मुश्किल हैं। आज हर तरफ संकट है। आज के समय में 70 करोड़ नौजवान सबसे ज्यादा बेरोजगार हैं। 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं।

### कांग्रेस की सरकार बनने पर देंगे एमएसपी कानून की गारंटी

प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर एमएसपी कानून की गांरटी, एक महीने के अंदर फसल के नुकसान पर मुआवजा और खेती के अन्य सामान पर जीएसटी माफ कर दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि मोदी के अहंकार को बाहर निकालने का समय आ गया है। सत्ता में बने रहने के लिए वह दुनिया की कोई भी चीज कर सकते हैं। इस बार चुनाव में उन लोगों को चुने जो किसानों की कद्र करता है।

# सपा-कांग्रेस को वोट देने का मतलब आतंकवाद को फिर से आमंत्रित करना

**चुनावी सभा में योगी आदित्यनाथ ने कहा**

एजेंसी ▸▸| वाराणसी/गाजीपुर (उप्र)



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') को वोट देने का मतलब आतंकवाद को न्यौता देना है। मुख्यमंत्री ने चंदौली और गाजीपुर लोकसभा सीटों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने चंदौली में आयोजित जनसभा में कहा, ''कांग्रेस-सपा के लोग सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण नहीं कर सकते। अयोध्या में राम मंदिर और काशी में विश्वनाथ धाम का निर्माण नहीं कर सकते। आराध्यों के पवित्र स्थलों का सुंदरीकरण भी नहीं कर सकते तो इन समस्याओं को सिर पर ढोने की आवश्यकता नहीं है।'' आदित्यनाथ ने कहा, ''सपा और कांग्रेस समस्या हैं। इनके गठबंधन का मतलब आतंकवाद को आमंत्रित करना है।

### जनता के वोट ने अयोध्या में रामलला का मंदिर बना दिया

मुख्यमंत्री ने कहा, " जनता के वोट ने अयोध्या में रामलला का मंदिर बना दिया, देश का सम्मान बढ़ा दिया, सीमाओं को सुरक्षा प्रदान की, विकास के बड़े बड़े कार्य हुए हैं। मगर यही वोट जब कांग्रेस और सपा को जाता था, तो वे देश का सम्मान बेचते थे, आतंकवाद और नक्सलवाद को पनपने देते थे, बेटी और व्यापारी की सुरक्षा को खतरे में डालते थे, माफिया खुली जीप में बैठकर हिन्दुओं को भय और दहशत के माहौल में जीने के लिए मजबूर करते थे।" आदित्यनाथ ने आरोप लगाया, "भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे 'इंडी' (इंडिया) गठबंधन के लोग कहते हैं कि सत्ता में आएंगे तो पर्सनल लॉ लागू करेंगे।

## मध्य प्रदेश में घर में घुसा ट्रक, एक महिला की मौत

**पन्ना (मप्र)।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में रविवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक के सड़क किनारे स्थित घर में जा घुसने से एक महिला की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर बृजपुर पुलिस थाने के अंतर्गत भुसाड़ा गांव में रात करीब डेढ़ बजे पीड़िता अपने घर के आंगन में सो रही थी उस दौरान यह हादसा हुआ। बृजपुर पुलिस थाना प्रभारी भानु प्रताप ने कहा कि ट्रक के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे ट्रक घर में जा घुसा। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में 55 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और उसके परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

## पेज एक के शेष

### हरिभूमि-आईएनएच पहुंचा...

साथ कोई तनाव और विवाद की स्थिति नहीं है, वे तनाव मुक्त होकर अपनी पढ़ाई में लगे हैं। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किर्गिस्तान से अपनी रिपोर्ट में बताया कि है कि हम लोग जैसा भारत में रहते हुए समझ रहे थे, वैसा माहौल अब वहां नहीं है। वहां की दिनचर्या देखने के बाद उन्होंने कहा कि किसी भी तनावपूर्ण जगह की ऐसी दिनचर्या नहीं हो सकती है। वहां कुछ समय पहले तनाव हुआ होगा, लेकिन अब हिंदुस्तान में बैठे छात्रों के माता-पिता ऐसी चिंता न करें कि उनके बच्चे यहां कठिनाई में हैं। सड़कों पर चहल पहल है किर्गिस्तान की राजधानी बिकेक में।

**शॉपिंग कर लौटे बच्चों ने क्या कहा** : इसी दौरान कई बच्चे शॉपिंग कर लौटते नजर आए। उनसे पूछा गया कि क्या बात है, भर, भर कर सामान ले आए? कैसे हैं हालात, लोग तो कह रहे थे, सड़क पर भी नहीं निकल सकते, आप तो झोला भर-भर कर सामान ला रहे हो? छात्रा ने जवाब दिया, पहले तो थोड़ी तकलीफ हुई पर अब तो अच्छा है। पहले क्या हुआ था? लोकल लोगों का दूसरे विदेशी बच्चों से झगड़ा हुआ था। एक सप्ताह तक थोड़ी मुश्किल हुई थी।

**आईएसएम कॉलेज का हाल** : पटना बिहार निवासी तान्या ने बताय कि वह यहां एमबीबीएस पांचवे वर्ष में हूं। यहां अब सब कुछ नार्मलाइज हो चुका है, जब ये हुआ था, हम लोग थोड़ा डरे थे, क्योंकि ये पहली बार हुआ है पांच साल में। हमारे मैनेजमेंट ने बहुत सारी सिक्युरिटी प्रोवाइड की है। यहां के नार्मल लोग भी बहुत सपोर्ट कर रहे हैं। अब सब कुछ नार्मल है, बहुत सारे बच्चे बाहर भी ज सकते हैं। अब ऐसी कोई सिचुएशन नहीं है कि हम खौफ में रहें। 13 मई को शुरु हुआ था। विवाद बढ़ता गया और स्थानीय बाहरी होता चला गया। लेकिन हमारा हॉस्टल तो सेफ था। आईएसएम मैनेजमेंट तो इसमें सच में अच्छा है कि उन्होंने पूरी सिक्योरिटी प्रोवाइड की।

**मप्र की छात्रा ने कहा, बचाने की अपील नहीं** : मध्यप्रदेश के भी कुछ बच्चे यहां है, उनके पैरेंट्स वहां के मुख्यमंत्री मोहन यादव से आग्रह कर रहे थे, कि उनके बच्चों को बचाओ? यहां मप्र की रहने वाली एक छात्रा से पूछा गया कि क्या वे मप्र के मुख्यमंत्री से ऐसी अपील करेंगी कि उन्हें बचाएं। छात्रा ने कहा नहीं, मैं ऐसी कोई अपील नहीं करूंगी। क्योंकि सब कुछ सेफ है। कुछ बच्चे जूनियर हैं जो इसी साल आए हैं, वे डरे थे। उन्होंने देखा नहीं यहां के लोगों को यहां के कल्चर को। मैं यहां पांच साल से हूं। मुझे लग रहा है सब कुछ सेफ है। हम लोग आराम से बाहर जा रहे हैं। आप लोग कह रहे हैं सुरक्षा दी जा रही है? सब ठीक है तो सुरक्षा क्यों? एक छात्रा ने बताया कि हम लोग कल ही बाहर से होकर आए हैं। हमें लगता है कि अब हमारे लिए और ज्यादा सिंपैथी आ गई है। आप लोगों की पढ़ाई इससे कितनी प्रभावित हुई? एक छात्र ने बताया कि हमने प्रैक्टिकल एग्जाम दिए हैं। एग्जाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। कोई प्रॉब्लम नहीं आया न ही पढ़ाई टली है। देश-प्रदेश वालों से क्या कहना चाहेंगे? छात्रा ने कहा यहां सब कुछ सेफ है। फिक्र की जरुरत नहीं। बच्चे यहां आ सकते हैं पढ़ने के लिए। कोई दिक्कत की बात बात नहीं। जो पैरेंट्स घबराएं है उन्हें चिंता करने की कोई जरुरत नहीं है।

### भारत के मुकाबले सस्ती...

असलियत पता करो, कि आखिर वहां क्या माहौल है। हमने लोकल अथारिटी से भी बात की, भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने भी दो दिन पहले बयान जारी कर कहा था कि हालात यहां बिल्कुल सामान्य हैं। हम एस.जयशंकर के दावे के साथ ही खड़े हैं कि यहां हालात बिल्कुल सामान्य हैं।

### उदयपुर की छात्रा ने...

खत्म हो गई है। लोकल्स ने भी सॉरी बोल दिया है। अब यहां डर की कोई बात नहीं है। लोग बोल रहे हैं कि हमला तो हुआ नहीं था, आप लोगों ने माहौल बना दिया? पाकिस्तानी हास्टल में हुआ था, तो हमें लगा कि अगला हमला हमारे ऊपर न हो जाए इसलिए डरे हुए थे।

### झारखंड की छात्रा ने...

आप लोग यहां क्यों आए हो घूमने के लिए या पढ़ने के लिए? एक छात्रा ने जवाब दिया पढ़ने के लिए। जब माहौल इतन तनावपूर्ण बताया जा रहा है तो हॉस्टल के अंदर रहना चाहिए? छात्रा ने कहा कि अब सब नॉर्मल हो चुका है, काफी दिन हो गई इन बातों को हुए, अब सब नार्मल है।

### स्टॉक में 2 हजार...

पुलिस ने गुरूवाइनडबरी सेवा सहकारी समिति में के लिपिक एवं संस्था प्रबंधक जुगल किशोर साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गुरूवाईनडबरी धान खरीदी प्रभारी ग्राम लौदा निवासी रामदास बंजारे पिता चैतराम बंजारे बिना आरओ, डीओ एवं बिना गेट पास के ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 2108 में 600 बोरी धान अनुमानित वजन 240 क्विंटल को फर्जी तरीके से भरवाकर बेचने की कोशिश कर रहा है।

### कान फिल्म महोत्सव .....

ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए ग्रां प्री पुरस्कार जीतने वाली पहले भारतीय फिल्म निर्माता बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, हमारी फिल्म को यहां तक लाने के लिए कान फिल्म महोत्सव का शुक्रिया। एक और भारतीय फिल्म के लिए कृपया 30 साल तक इंतजार न करें। फिल्म को पाम डि'ओर के बाद महोत्सव के दूसरे सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रां प्री से सम्मानित किया गया है।

## गोवाः झुग्गियों से टकराई बस, चार मजदूरों की मौत

**पणजी।** दक्षिण गोवा जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में बेकाबू निजी बस सड़क किनारे बनी दो झोपड़ियों में जा घुसी, जिससे चार मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शनिवार रात करीब 11.30 बजे वर्ना औद्योगिक क्षेत्र में हुई, उस समय सड़क निर्माण का काम करने वाले मजदूर झुग्गियों में सो रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक संतोष देसाई ने कहा कि बस चालक की पहचान पास के कार्टोलिम गांव के निवासी भरत गोवेकर के रूप में हुई है, उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि वाहन चालक की चिकित्सा जांच से पुष्टि हुई है कि घटना के समय वह शराब के नशे में था। एक मजदूर ने दावा किया कि बस चालक ने घटना स्थल पर मौजूद अन्य मजदूरों को घटना के बारे में किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक निजी कंपनी के कर्मचारियों को ले जा रही बस दो झुग्गियों में जा घुसी, जहां मजदूर सो रहे थे। उन्होंने कहा, "चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए।

# हमास का तेल अवीव पर बड़ा मिसाइल हमला, गाजा पट्टी से दागे कई रॉकेट




एजेंसी ▸▸| देर अल-बला (गाजा पट्टी)

हमास ने एक बार फिर इस्राइल पर बड़ा हमला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास ने इस्राइल पर कई मिसाइलें दागी हैं।

हमास की अल कासिम ब्रिगेड ने यह दावा किया है। हमास के हमले के बाद तेल अवीव में सायरन की आवाजें सुनाई दीं। अल कासिम ब्रिगेड ने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान जारी कर कहा कि यहूदियों द्वारा किए जा रहे नरसंहार के जवाब में यह हमला किया गया है।

### किसी के हताहत होने की खबर नहीं

हमास के अल अक्सा टीवी ने पुष्टि की है कि हमास ने गाजा पट्टी से तेल अवीव पर कई रॉकेट दागे। यह बीते चार महीनों में तेल अवीव पर पहला बड़ा हमला है, जिसके चलते राजधानी तेल अवीव में सायरन की आवाज सुनी गई। हालांकि हमास के हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस्राइली सेना की मेडिकल सर्विस ने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस्राइल के कई अन्य शहरों में भी सायरन बजने की आवाजें सुनाईं दी।

### राफा पर इस्राइल के हमले जारी

हमास का इस्राइल पर हमला ऐसे समय हुआ है, जब दक्षिणी इस्राइल से गाजा में राहत सामग्री लेकर ट्रकों को मंजूरी दी गई है। नए समझौते के तहत इन राहत सामग्री के ट्रकों को गाजा में दाखिल होने की मंजूरी दी गई है, लेकिन अब हमास के हमले के बाद ये नया समझौता भी खटाई में पड़ सकता है। जिससे पहले से ही संकट से जूझ रही गाजा की जनसंख्या को और परेशानी में इजाफा होना तय है। एक दिन पहले ही इस्राइल की राफा में एयर स्ट्राइक में पांच फलस्तीनियों की मौत हुई थी। इस्राइल के टैंक राफा में दाखिल हो चुके हैं। इस्राइल का दावा है कि राफा में बड़ी संख्या में हमास के लड़ाके छिपे बैठे हैं। यही वजह है कि इस्राइल वैश्विक दबाव के बावजूद राफा में सैन्य कार्रवाई पर अड़ा है।

## राशिफल

**मेष** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि हो सकती है।

**वृष** — बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र से रोजगार कि अवसर मिल सकते हैं। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** — माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — कारोबार से लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।


**धनु** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलन बनाकर रखें।

**मकर** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों से सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**कुंभ** — किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मीन** — कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5523



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 5522 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5534

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5533 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# पारा चढ़ने के साथ इस साल ग्रीष्मकालीन यात्रा में 40 प्रतिशत का उछाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए इस साल ग्रीष्मकालीन यात्रा में सालाना आधार पर 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान आतिथ्य और यात्रा सेवाओं की जोरदार मांग देखने को मिल रही है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि आम चुनावों का कॉरपोरेट बैठक, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी (एमआईसीई) व्यवसाय पर मामूली प्रभाव पड़ा है। पसंदीदा अवकाश स्थल के लिए समुद्र तट के गंतव्य, पर्वतीय गंतव्यों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### गर्मी से बचने पहाड़ों की ओर कुच

होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और रेडिसन होटल समूह के चेयरमैन (दक्षिण एशिया) के बी काचरू ने बताया, देश के उत्तरी हिस्से में रहने वाले लोग गर्मी से बचने के लिए पहाड़ों की ओर जाते हैं। शहरों से नजदीकी पर्यटन या अवकाश स्थलों की ओर भी आवाजाही होती है।

## चिलचिलाती गर्मी से बचने लोग ठंडे क्षेत्रों की ओर जा रहें

### समुद्र तटों की हिस्सेदारी 53 फीसदी

समूह स्तर पर खुदरा कारोबार में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय स्थलों के होटल, रिजॉर्ट और अन्य अवकाश स्थलों में अधिक मांग देखी जा रही है। ओयो के एक प्रवक्ता ने कहा कि कुल अवकाश बुकिंग में समुद्र तटों की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत है, जो गर्मी के महीनों के दौरान भी तटीय स्थलों के प्रति एक मजबूत झुकाव को दर्शाता है।



### पारिवारिक यात्रा खंड में 20 फीसदी की वृद्धि

मेकमाईट्रिप के ग्रीष्मकालीन यात्रा रुझानों के अनुसार, 2023 की गर्मियों की तुलना में इस साल पारिवारिक यात्रा खंड में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि एकल यात्रा में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### चुनाव का व्यवसाय पर मामूली असर पड़ेगा

इस गर्मी में सबसे अधिक बुक किए गए अवकाश गंतव्यों के मामले में हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, गोवा, केरल और पूर्वोत्तर जैसे पर्वतीय स्थल अग्रणी हैं। रॉयल ऑर्किड होटल्स लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक चंदर के बालजी ने कहा कि चुनावों का कॉरपोरेट और एमआईसीई व्यवसाय पर मामूली प्रभाव पड़ सकता है।

### इस साल इस क्षेत्र में उछाल

उद्योग सूत्रों का अनुमान है कि इस साल गर्मियों की यात्रा में सालाना आधार पर 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि होगी। मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और समूह सीईओ राजेश मागो ने कहा कि यात्रा की योजना के लिहाज से गर्मी हमेशा साल की बड़ी तिमाही होती है और इस साल भी इस क्षेत्र में उछाल जारी है।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी के लाभ में 33 फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने शुक्रवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका संचयी शुद्ध लाभ 33 प्रतिशत बढ़कर 6,490.05 करोड़ रुपये रहा। सूचना में कहा कि उसने मार्च 2023 को समाप्त तिमाही में 4,871.55 करोड़ रुपये का संचयी शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### हिंडाल्को के लाभ में 32 फीसदी का इजाफा

ADITYA BIRLA HINDALCO

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख धातु कंपनी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में 31.6 प्रतिशत बढ़कर 3,174 करोड़ रुपये रहा। यह वृद्धि, एल्युमीनियम और तांबे के व्यापार खंडों में मजबूत मार्जिन और मात्रा बढ़ने के कारण है। 2022-23 की मार्च तिमाही में 2,411 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### बीते सप्ताह सभी तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** आयात किये जाने वाले प्रमुख खाद्य तेल सोयाबीन डीगम के दाम में मजबूती के बाद बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी खाद्य तेल-तिलहन के दाम मजबूत बंद हुए। डीगम तेल में आई इस तेजी के कारण सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम भी मजबूत बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि देश में सॉफ्ट ऑयल के रूप से सबसे अधिक आयात सोयाबीन डीगम का किया जाता है। पिछने सप्ताह इससे पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सोयाबीन डीगम तेल का दाम पहले के 990-995 डॉलर प्रति टन से बढ़कर समीक्षाधीन सप्ताह में 1,035-1,040 डॉलर प्रति टन हो गया। इसका असर सभी तेल-तिलहनों पर दिखा और उनके दाम मजबूत हो गये।

## पूर्व वित्त सचिव गर्ग ने इसे आरबीआई को अधिक लाभ होना बताया

# आरबीआई को संभवतः तीन लाख करोड़ रुपए का लाभ होने के कारण सरकार को रिकॉर्ड लाभांश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवतः अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है।*


आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है।

### 2022-23 में 87,416 करोड़ का दिया था लाभांश

अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था।

### आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई

गर्ग ने कहा, 'आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की 'बैलेंस शीट' प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन इसके लगभग तीन लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।' उन्होंने कहा, 'साथ ही, यह शक्तिकांत दास का आरबीआई गवर्नर पद पर आखिरी साल है और देश में चुनाव भी हो रहे हैं, ऐसे में उनकी रुचि एक यादगार विरासत छोड़ने और रिकॉर्ड लाभांश देकर नई सरकार को 'खुश' रखने की हो सकती है।'





- अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव सरकार के उपयोग करने पर निर्भर
- केंद्रीय बैंक की ओर से यह अब तक का सबसे बड़ा लाभांश भुगतान
- चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक

### गवर्नर दास का कार्यकाल दिसंबर में होगा समाप्त

दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने दास को 11 दिसंबर, 2018 को शुरुआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया।

### राजकोषीय घाटे में करने पर यह घटकर होगा 4.8 फीसदी

यदि सरकार इसका उपयोग राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए करती है, तो यह घटकर लगभग 4.8 प्रतिशत हो जाएगा, अन्य सभी बातें समान रहेंगी। एक अन्य सवाल के जवाब में गर्ग ने कहा, आरबीआई के पास अधिशेष राशि में इन दिनों मुख्य रूप से दो बड़े हिस्सों का योगदान होता है

### स्थिति स्पष्ट बजट पेश होने पर होगी

अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है। यह जुलाई में नियमित बजट पेश होने के बाद ही पता चलेगा।" उन्होंने कहा, "देश में राजकोषीय घाटा पिछले पांच साल में छह प्रतिशत से अधिक रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है।

*बजट के आधार पर लाभांश 1.25 लाख करोड़ ज्यादा : रिकॉर्ड लाभांश के अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, "अगर बजट अनुमान के आधार पर देखा जाए तो आरबीआई का लाभांश करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये ज्यादा है। यह सरकार के 45 लाख करोड़ रुपये के बजट का लगभग दो प्रतिशत है। अतः यह कोई बहुत बड़ी राशि नहीं है।*

# अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर फर्जी कॉल करते है
- फर्जी कॉलों को रोकने के लिए टीएसपी को निर्देश जारी किए गए हैं

सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली सभी इनकमिंग अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने रविवार को जारी बयान में कहा कि यह बताया गया है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। बयान के अनुसार, प्रतीत होता है कि ऐसी कॉलें भारत के भीतर से उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन विदेशों से साइबर अपराधियों द्वारा कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में हेरफेर करके की जा रही हैं और फर्जी डिजिटल गिरफ्तारियों, फेडएक्स घोटाले, ड्रग्स या कूरियर में नशीले पदार्थों, सरकारी और पुलिस अधिकारी बनकर बात करने, डीओटी या ट्राई अधिकारी बनकर मोबाइल नंबरों को बंद करना, आदि जैसे हाल के मामलों में इसका दुरुपयोग किया गया है।

### टीएसपी पहले से कॉल ब्लॉक कर रही

दूरसंचार विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार भारतीय लैंडलाइन नंबरों के साथ आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों को टीएसपी द्वारा पहले से ही ब्लॉक (प्रतिबंधित) किया जा रहा है।

# भारतपे, फोनपे ने 'पे' पर मामला निपटाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- लंबे समय से चल रहे ट्रेडमार्क विवाद को दूर किया

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों... भारतपे ग्रुप और फोनपे समूह ने प्रत्यय 'पे' के साथ ट्रेडमार्क के उपयोग से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे सभी कानूनी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी।

बयान के अनुसार, भारतपे और फोनपे पिछले पांच वर्षों के दौरान कई अदालतों में लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों में रही हैं। यह समझौता सभी खुली न्यायिक कार्यवाही को समाप्त कर देगा। बयान में कहा गया कि भारतपे और फोनपे ने लंबे समय से चले आ रहे सभी ट्रेडमार्क विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया। बयान के अनुसार, अगले कदम के रूप में पार्टियों ने ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में एक-दूसरे के खिलाफ सभी विरोधों को वापस लेने के लिए पहले ही कदम उठा लिया है, जिससे उन्हें अपने संबंधित ट्रेडमार्क के पंजीकरण के साथ बढ़ने में मदद मिलेगी। भारतपे के निदेशक मंडल के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा, 'यह उद्योग के लिए एक सकारात्मक कदम है। मैं दोनों पक्षों के प्रबंधन द्वारा दिखाई गई परिपक्वता और व्यावसायिकता की सराहना करता हूं, जो सभी बकाया कानूनी मुद्दों को हल करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और मजबूत डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में अपनी ऊर्जा और संसाधनों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।'

### इस नतीजे से कंपनियों को होगा फायदा

इस नतीजे से दोनों कंपनियों को आगे बढ़ने और समग्र रूप से देश के वित्तीय प्रौद्योगिकी उद्योग को बढ़ाने पर हमारी सामूहिक ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने में लाभ होगा।"

# घरेलू विमान किराए में हो रही बढ़ोतरी : विशेषज्ञ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पिछली छह तिमाहियों में यात्री यातायात बढ़ने और सीमित क्षमता के कारण प्रमुख मार्गों पर घरेलू हवाई किराये में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके बावजूद भारत में घरेलू हवाई टिकट की कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है और रोजाना औसतन 4.5 लाख यात्री घरेलू उड़ानों से यात्रा करते हैं। जहां देश की आबादी का केवल एक छोटा प्रतिशत हवाई यात्रा करता है वहीं



क्षमता की कमी एक प्रमुख चुनौती है क्योंकि कई विमान मुख्य रूप से आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों के कारण खड़े हैं।

*वृद्धि 150 विमान ठप खड़े होने के कारण*

*सीएपीए इंडिया ने इसी सप्ताह एक वेबिनार के दौरान कहा कि यह प्रवृत्ति आपूर्ति श्रृंखला और अन्य मुद्दों के कारण औसतन 150 विमान ठप खड़े होने के कारण है। बयान के अनुसार, संरचनात्मक रूप से उच्च मूल्य निर्धारण वित्त वर्ष 2025-26 तक जारी रहना चाहिए।*

*प्रतिशत के संबंध में एक बड़ी वृद्धि*

*यह प्रतिशत के संदर्भ में एक बड़ी वृद्धि की तरह लग सकता है, लेकिन समग्र मुद्रास्फीति दबाव को ध्यान में रखते हुए वृद्धि की मात्रा महत्वपूर्ण नहीं है। सीएपीए इंडिया ने कहा कि मुद्रास्फीति के साथ समायोजित वित्त वर्ष 2003-04 में 4,989 रुपये का औसत किराया वित्त वर्ष 2019-20 में लगभग 11,000 रुपये हो गया।*

### हुडको का मार्च तिमाही में लाभ 9.54 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आवासीय वित्त कंपनी हुडको का मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 9.54 प्रतिशत बढ़कर 700.16 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान अवधि में इसका लाभ 639.14 करोड़ रुपये था। मार्च 2024 तिमाही में हुडको की कुल आय बढ़कर 2,194.04 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 1,862.41 करोड़ रुपये थी।

## -: आम सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती पद्मिनी अग्रवाल पति श्री मदन मोहन अग्रवाल, निवासीः फ्लैट नं. 101, ओम श्री शंकर नगर, रायपुर, तहसील व जिला : रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्री संतराम यादव, श्री सीताराम यादव दोनों पिता श्री ररुहा यादव, श्री प्रवीण यादव, श्री मनीष यादव, श्रीमती कल्याणी यादव तीनो पिता श्री राजाराम यादव, पताः धनसुली, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम धनसुली, खसरा नं. 421/1 कुल रकबा : 3.1600 हेक्ट., सौदाकृत रकबा 2 एकड़, प.ह. नं. 13, रा.नि.म. मंदिर हसौद, तहसीलः आरंग, जिला रायपुर, छ.ग. में स्थित है को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है, तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवें। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।

स्थान : रायपुर छ.ग.
दिनांक : 26-05-2024

शरद कदम (अधिवक्ता)
शिवानन्द नगर रायपुर (छ.ग.)
9926145185

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ना.बा. कुणाल धृतलहरे पिता- गोकुल धृतलहरे वली मॉ- श्रीमती हेमा घृतलहरे निवासी ग्राम मलपुरीकला पो. ओटेबंद थाना व तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी है जो कि अपने हक, कब्जे, आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम सरोरा, प.ह.नं.- 00069, रा.नि.मं.- रायपुर-18- बीरगांव, तहसील धरसीवां जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 96/10 रकबा 0.809 हेक्टेयर भूमि को द्वितीय पक्षकार/क्रेता इन्द्रदेव चौधरी पिता महावीर चौधरी निवासी श्रीराम टावेरी/टॉवर्स, डी-6, टाटीबंध रायपुर (छ.ग.) ने चुकता सौदा 1,38,75,000/- रूपये अक्षरी एक करोड़ अड़तीस लाख पचहत्तर हजार रूपये में तय किया था जिसमें बयाना बतौर राशि 2,00,000/- रूपये अक्षरी दो लाख रूपये प्रदान कर विक्रय इकरारनामा दिनांक 27/03/2024 के बाद 8-10 दिवस के भीतर 10,00,000/- रूपये अक्षरी दस लाख रूपये नगद या चेक के माध्यम से दिया जाना था परन्तु उक्त अवधि बीत जाने के पश्चात मेरे पक्षकार ने इन्द्रदेव चौधरी से लगातार संपर्क करते रहे किसी प्रकार से संतुष्टिजनक जवाब नहीं दिया गया तथा कई बार मोबाईल के माध्यम से संपर्क करने पर मोबाईल को रिसीव नहीं किया। विक्रय इकरारनामा दिनांक 27/03/2024 से आज दिनांक तक का समय मिलने के पश्चात भी मेरे पक्षकार को द्वितीय पक्षकार ने भुगतान नहीं किया है, जो कि विक्रय इकरारनामा की शर्तों के अनुसार स्वमेव निरस्त हो चुका है। अतः इन्द्रदेव चौधरी द्वारा विक्रय इकरारनामा की शर्तों व संविदा अधिनियमों का पालन नहीं किये जाने से मेरे पक्षकार व इन्द्रदेव चौधरी के मध्य उक्त भूमि के संबंध में निष्पादित विक्रय इकरारनामा को निरस्त किया जा रहा है।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 26/05/2024

भवदीय
एच. एस. घृतलहरे, अधिवक्ता
पता कमरा नं.- 110, टेबल नं. - 16, प्रथमतल नया बिल्डिंग, सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)
निवासी- गली नं.-3, एकता चौक, बरौदा रोड, सड्डू, रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 93017-25187

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// सूचना का प्रकाशन //**

**रा.प्र. क्रमांक अ/6अ वर्ष 2023-24**
**पक्षकार श्रीमती अर्चना त्रिपाठी वि. शिवप्रसाद तम्बोली, ग्राम - सेमरिया तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर**

**प्रति,**
**शिवप्रसाद तम्बोली**
**पिता- श्री स्व. सुखउ तंबोली**
**निवासी - लीली चौक पुरानी बस्ती रायपुर**

एतद द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग, जिला- रायपुर छत्तीसगढ़ के न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक रा.प्र. क्रमांक अ/6अ वर्ष 2023-24 में दिनांक 27/05/2024 को राजस्व अपील में उपरोक्त उतरवादी की उपस्थिति हेतु नियत है ।

उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत तिथि को उपस्थित रहने हेतु प्रभावित पक्षकार को सूचना प्रकाशन के माध्यम से उपस्थित रहने की सूचना जारी किया जाता है। वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि मे उपस्थित होना सुनिश्चित करे नियत पेशी तिथि में अनुपस्थिति की दशा मे उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

सूचना का प्रकाशन आज दिनांक 10/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला - रायपुर

डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133



# ‘स्टारडम’ से डेब्यू के लिए आर्यन खान तैयार

**मुंबई।** एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। शाह रुख खान के लाडले बेटे आर्यन आए दिन किसी न किसी कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। उन्होंने किसी फिल्म में एक्टिंग नहीं की, लेकिन उनका स्टारडम किसी एक्टर से कम भी नहीं है। आर्यन खान अपने पिता से अलग, लेकिन उनकी तरह ही काम के जरिये लोगों के बीच फेमस होना चाहते हैं। वो पिछले काफी समय से ‘स्टारडम’ की शूटिंग को लेकर लाइमलाइट में हैं, जिसे लेकर एक गुड न्यूज आई है। यह शो स्टार्स की चकाचौंध से भरी जिंदगी और पर्दे के पीछे की लाइफ को दिखाएगी। खास बात यह है कि आर्यन ने इस शो डायरेक्ट किया है।

लाइफ Style



# शर्मिन

## 30 टेक के बाद भी पसंद नहीं आया शॉट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज ‘हीरामंडी: द डायमंड बाजार’ को दुनियाभर से प्यार मिल रहा है। हालांकि, इस सीरीज की एक्ट्रेस शर्मिन सेहगल को लगातार उनकी एक्टिंग के लिए ट्रोल किया जा रहा है।

शर्मिन ने अभी तक इस चीज को लेकर कोई भी विचार सामने नहीं रखे हैं, लेकिम शर्मिन ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कैसे वो अपने मामा संजय लीला भंसाली के सामने रोने लगी थीं। साल 2019 में रेडियो सिटी इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में शर्मिन ने फिल्म मलाल के शूट का किस्सा सुनाया था। संजय लीला भंसाली मलाल फिल्म के प्रोड्यूसर थे। शर्मिन ने बताया कि वो कभी भी सेट पर नहीं आते थे, लेकिन एक दिन वो सेट पर आए और उस दिन मुझे रोना आ गया। शर्मिन ने बताया कि वो उस दिन एक सॉन्ग का शूट कर रही थीं। सेट पर अपने मामा और मेंटर संजय लीला भंसाली को देखकर नर्वस हो गई थीं। उन्होंने कहा, वो एक शॉट में मेरी जो वाट लगी है। मैं नॉर्मली 15 टेक देती थी, मुझे ऐसा कहना नहीं चाहिए। मुझे 25 टेक लगे उस दिन। फिर फाइनली हो गया। उन्होंने कहा कि पूरे दिन का जो मैनें प्रिपेयर कर के रखा था, वो एक ही शॉट में चला गया। तभी मैं अंदर गई वैनिटी में, तब सर आए अंदर और बोले, “मुझे बहुत मजा आ रहा है। मैं एक और शॉट के लिए रुकने वाला हूं। इसके बाद शर्मिन ने कहा कि वो वैनिटी के बाद सेट पर गईं। उन्होंने बताया कि संजय लीला भंसाली ने 30 टेक के बाद भी शॉट ओके नहीं किया। उन्होंने बताया कि मैं हताश हो गई।

# ‘डांस दीवाने 4’ में गौरव नीतिन ने मारी बाजी, ट्रॉफी के साथ जीते 20 लाख




*मुंबई। डांस रियलिटी शो ‘डांस दीवाने 4’ के विनर का ऐलान कर दिया गया है। इसके विनर का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। आखिर वो घड़ी आ ही गई जब शो के चौथे सीजन को भी उसका विनर मिल गया है। शो में टॉप 6 फाइनलिस्ट जोड़ियों के बीच टक्कर देखने के लिए मिली है। इन सबके बीच कंटेस्टेंट गौरव-नीतिन ने बाजी मारी है। शो को माधुरी दीक्षित, सुनील शेट्टी और अन्य जज कर रहे थे। ऐसे में अब इस रियलिटी शो को विनर मिल गए हैं। ट्रॉफी मिलने के साथ ही गौरव-नितिन ने आगे प्लान भी शेयर किया है। शो ‘डांस दीवाने 4’ करीब साढ़े तीन महीने तक चला और लोगों को एंटरटेन किया। अब महीनों इंतजार के बाद दर्शकों के साथ शो को इसके इस सीजन का विनर मिल गया है। फिनाले में टॉप 6 जोड़ियां फाइनलिस्ट में पहुंची थीं। शो की ट्रॉफी के लिए कंटेस्टेंट के बीच कड़ी टक्कर देखने के लिए मिली थी। गौरव और नीतिन को ट्रॉफी के साथ 20 लाख की इनाम की राशी भी मिली है। गौरव और नीतिन दोनों को ही अलग-अलग डांस फॉर्म में महारत हासिल है।*

## आज से कहर बरपाएगी ‘सुहागन चुड़ैल’



**मुंबई।** इन दिनों निया शर्मा अपने टीवी सीरियल ‘सुहागन चुड़ैल’ को लेकर लगाता चर्चा में बनी हुई हैं। वह इस शो का प्रमोशन जोरो से कर रही हैं। इस शो में उनका लुक काफी हॉट है, जो कि फैंस को बेहद पसंद भी आ रहा है। निया का यह लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जानिए आखिरकार कब शुरू हो रहा है आपकी पसंदीदा अभिनेत्री निया शर्मा का शो ‘सुहागन चुड़ैल’। निया शर्मा का नया टीवी शो ‘सुहागन चुड़ैल’ 27 मई को कलर्स टीवी पर आने के लिए तैयार है। इस शो को आप सोमवार से शुक्रवार रात 10.30 बजे देख सकते हैं। इस शो के कई वीडियोज निया ने अपने सोशल मीडिया उकाउंट पर साझा किए हैं।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

**आवश्यकता है-** लेडी वाईस प्रिंसीपल, इंचार्ज, क्लर्क, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में- साइंस, मैथ्स, फिजीक्स, केमिस्ट्री, बायो, सोशल साइंस, इंगलिश, इकोनॉमिक्स एकाउंट पढ़ाने हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओं, ड्राईवर, आया की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 28.05.2024 प्रातः 9:30 बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा. से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई,** **9826198065, 07712252855** (RO-7477)

**आवश्यकता है-** हिंदी मीडियम ओम नेशनल पब्लिक हा. से. स्कूल सरोरा रायपुर विषयः- account, economics, maths, chemistry, physics, Bio, English, Hindi, science, संस्कृत All subject teachers। अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं Om public school इंग्लिश मीडियम विषयः- English, में BA. MA. B.Ed Maths, science, Computer अनुभवी शिक्षक/ शिक्षिकाएं **मोबाइल नंबर 9827879928, 8770879781.** (RO-984)

### देख- रेख

**आवश्यकता है-** विकलांग युवक के देखभाल हेतु होनहार. कामकाजी युवक की आवश्यकता है, रहना खाना फ्री वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क नंबर - 7354988225 एड्रेस...होटल ए डी टॉवर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर।** (RO-6254)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** रायपुर में एसी साड़ी शोरूम के लिए सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता, ड्यूटी टाइम 10:30 -9:30 **शीघ्र सम्पर्क करें विरदीचंद मानकलाल जैन कंकालीपारा 9340477419, 9425216364.** (RO-2760)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य हेतु तुरंत आवश्यकता है रहने खाने की सुविधा जो पूर्व में घरेलू कार्य किया हो वही संपर्क करें वेतन 8000/- से 12000/- अनुभवी ड्राइवर चाहिए कम से कम 5 साल का अनुभव रहने की सुविधा **मोबाइल नंबर 7003707355, 9340109282.** (RO-6251)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** अल्फा सिक्योरिटी में 12 घंटे ड्यूटी करने के हेतु 100 गार्ड की आवश्यकता है। **संपर्क करें मो -70447-10812, 80550-17111** (D-560)

### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, टेलीकॉलर- 2 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (RO-2770)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** होलसेल दवा दुकान में कार्य करने हेतु 12वीं पास युवक / युवती की आवश्यकता है पूर्ण बायोडाटा के साथ **संपर्क करें- मकान नंबर A31, राधा स्वामी नगर भाठागांव चौक के पास रिंग रोड नं. 1 रायपुर मोबाइल नंबर 7587817984** (RO-993)

**आवश्यकता है-** पम्प एवं नल फिटिंग पाइप दुकान में काम करने हेतु आवश्यकता, सैलरी 10000-12000, हमाल की सैलरी 15000, **बजाज एंटरप्राइजेज स्टेशन रोड रायपुर 9644433085, 9425843865.** (RO-4418)

**आवश्यकता है-** गिफ्ट स्टेशनरी शॉप में माल खोलने पैक करने लड़कों की आवश्यकता है वेतन 7000/- 7500/- 8000/- 8500/- **डायरी हाउस बंजारी रोड, गोल बाजार रायपुर 9981036253.** (RO-4420)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** PVC पाईप दुकान में काम करने हेतु लड़के चाहिए टेली- 01, लड़के- 04, **पता- आर. बी. पाटीदार एण्ड कम्पनी नरसिंग मील कम्पाउन्ड रेलवे प्लेट फार्म नं. 7 के पास गुढ़यारी रायपुर (छ. ग.)** (RO-994)

### ऑफिस ब्वॉय/ ड्राइवर

**आवश्यकता है-** ट्रेडर्स दुकान में कार्य करने हेतु ऑफिस ब्वॉय और ट्रैक्टर ड्राईवर की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध, **संपर्क करें:- भाठागांव, रायपुर मोबाइल. 98271-14308.** (RO-2773)

### स्टाफ नर्स/चौकीदार

**आवश्यकता है-** स्टाफ नर्स- 6, वार्ड बॉय-6, आया बाई 4, चौकीदार-2 की आवश्यकता है रहने की सुविधा, **संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर फोन- 0771-2425009.** (RO-2765)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ट्रक ड्राइवर की आवश्यकता है 14 चक्का लेलेंद्र लाइन में चलने के लिए वेतन- 15000 + फिक्स चक्कर ट्रिप- 15000 + प्रति ट्रिप **संपर्क करें - 9109191899, 94252-13622.** (RO-998)

**आवश्यकता है-** अनुभवी घरेलू ऑटोमेटिक कार ड्राइवर की, गायत्री नगर / शंकर नगर / अवंति विहार रायपुर के पास रहने वाले को प्राथमिकता । आवेदन करें, लायसेंस व आधारकार्ड के साथ । **सम्पर्क मोबाइल 9977703216.** (RO-534)

**आवश्यकता है-** पिकअप बोलोरो चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है लाइसेंस सहित **संपर्क करे - लक्ष्मी सेल्स, न्यू टिंबर मार्केट , फाफाडीह , रायपुर 9893115637** (RO-1403)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### इंजीनियर

**आवश्यकता है-** समीर ट्रेडर्स माना बस्ती को अनुभवी ऑटो लेवल इंजीनियर की आवश्यकता है अनुभवी / डिग्रीधारी को प्राथमिकता । वेतन- 25 से 35 हजार अनुभव के आधार पर। **संपर्क समय- दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक लेखु बैस - 09617572600** (RO-6255)

### चपरासी

**आवश्यकता है-** अग्रसेन पब्लिक हाईस्कूल धनोरा दुर्ग में आवासीय पति पत्नी चपरासी की आवश्यकता है, 2पद। राजनांदगांव जिला निवासी को प्राथमिकता। परिसर में निशुल्क निवास सुविधा। **संपर्क:- 89595-44444.** (Ro-488)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है, **सम्पर्क: निर्मल सेल्स, मो. 9300659227, 7566578910.** (RO-7478)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कुशल कंप्यूटर आपरेटर की। आवश्यक योग्यता कंप्यूटर की जानकारी, MS ऑफिस एवं कोरेलड्रा, सैलरी पिछले वेतन से 20% अधिक, ऑफिस एड्रेस Learning Zone New Civic Centre Bhilai, behind Miraj Cinema Shop no.103,104 &106 Mo. 9074133969, 7059321111. (Ro-483)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### वेल्डिग कार्य

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री के सारे बिजली के काम, वेल्डिंग का पूरा काम और मेल्टिंग फर्नेस की सम्पूर्ण जानकारी तथा चलाने हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है **पताः लक्ष्मी सेल्स, न्यू टिंबर मार्केट , फाफाडीह ,रायपुर 9893115637.** (RO-1407)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** शीतला एजेंसी (vehicle spare parts) में कंप्यूटर एवं ऑफिस कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति (उम्र 30 वर्ष से अधिक) चाहिए सैलेरी योग्यतानुसार **संपर्क 9300029026, 9300129026. भाटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर** (RO-1444)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन 4K से 5K योग्यतानुसार। **मैसेज/कॉल- 79998-47673 समय 11 से 5 तक** (Ro-487)

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु 10वी पास युवकों की जो बाहर जाकर काम कर सके। सैलरी- 10,000 +कमीशन +बोनस +आवास फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 25,000 से 30,000 महीने मे। **संपर्क:- 8180068616, 9171336699.** (RO-2746)

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक (कंप्यूटर कार्य) के लिए युवको की तत्काल आवश्यकता है सैलरी 8,000 प्रतिमाह कार्य समय 11 बजे से शाम 7 बजे। **संपर्क करें:- 9039584784, 9302708426.** (RO-2769)

**आवश्यकता है-** इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10वी,12वी ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस सहित 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क **सम्पर्क करें- 8006698797, 9630201208** ((RO-34264)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के बाहर ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस रहना फ्री ट्रेनिंग पश्चात कमाएं 15000 से 20000 महीना **सम्पर्क करें बिलासपुर 6266578863, 6265735407, 9685471225.** (RO-1887)

**आवश्यकता है-** घर से बाहर रहकर जॉब, ऑफिस कार्य करने हेतु 10वीं, 12वीं पास लड़के चाहिए। सैलरी 10000+ बोनस, आवास फ्री। ट्रेनिंग पश्चात कमाये 15000 से 20000 महीना। **सम्पर्क करें- 8962804923, 9302413104** (RO-34230)

### अन्य

**आवश्यकता है-** (फ्रॉड कॉल से सावधान ) RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS SENDING JOB) करके लड़के-लडकिया, गृहणिया, घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS / WHATSAPP **करें :- 07827428113, 07679699330.** (RO-1320)

**आवश्यकता है-** AIRPORT कम्पनी द्वारा डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th ग्रेजुएट (लड़के लड़किया) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर ग्राउंड स्टॉफ क्लर्क चेकर लोडर गार्ड इलेक्ट्रीशियन ड्राईवर, हैल्पर, 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस रहना खाना फ्री.**7495042110.** (RO-2393)

## Property प्रापर्टी

### जमीन

**प्लॉट बेचना है -** दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे से थोड़ी ही दूरी पर, बिरेझर में मात्र 111/- फीट में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. भूमी उपलब्ध। **मो. 9993135732.** (Ro-482)

**जमीन बेचना है-** ग्राम बेल्हारी धमतरी, रोड मुख्य सड़क से लगा जमीन तत्काल बेचना है दलाल **सम्पर्क न करें। संपर्क:- मो.- 9827188931** (Ro-486)

### मकान

**बेचना है -** जगदलपुर, शांति नगर में बिक्री हेतु कुल जमीन 2462 वर्गफीट, आगे- पीछे खाली जगह, मकान करीब 1600 वर्गफीट में बना है। 2 बीएचके की दो मंजिले, 1 बीएचके की 1 मंजिल। गंभीर खरीदार ही **संपर्क करें- 9980044477.** (RO-540)

## Medical चिकित्सा

**आयुर्वेदिक-** बैगा द्वारा छत्तीसगढ़िया उपचार जैसे चर्म रोग थायराईड, लीवर, किडनी, पथरी, जोड़ों का दर्द शुगर, बवासीर, लकवा, माइग्रेन, खून की कमी स्त्री रोग, साइटिका, एलर्जी, नसों की कमजोरी पेट रोग सभी प्रकार के पुराने व असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाई द्वारा किया जाता है साथ ही ज्योतिष विचार देखा जाता है **मोबाइल नंबर 8461886239** (RO-995)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (Ro-2741)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515** (RO -6334)





## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare


ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पति आज ही मिले।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिनः सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

विजेता...



उपविजेता...




प्लेयर ऑफ द सीरीज



बीसीसीआई सचिव...



मेंटोर गौतम गंभीर...



फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराया

# कोलकाता आईपीएल की तीसरी सबसे सफल टीम, 'गुरु' गंभीर ने तीसरी बार दिलाई ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के एकतरफा फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला। केकेआर ने 10 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी जीती। केकेआर ने गौतम गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में आईपीएल ट्राफी जीती थी। अब गुरु गंभीर ने कुशल रणनीतिकार के तौर पर केकेआर को तीसरी ट्राफी दिलाई। केकेआर इस तरह चेन्नई सुपर किंग्स (पांच) और मुंबई इंडियंस (पांच) के बाद तीन आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनी। गंभीर के अलावा मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस खिताब को दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर (तीन विकेट पर 287 रन) बनाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल में लड़खड़ा गई और टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के बाद 18.3 ओवर में महज 113 रन पर ढेर हो गई। यह आईपीएल फाइनल का सबसे कम स्कोर भी रहा। इस सत्र में शुरू से दबदबा बनाने वाले केकेआर के लिए यह लक्ष्य बनाना महज औपचारिकता थी, उसने वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52 रन) और रहमनुल्लाह गुरबाज (39 रन) की मदद से यह स्कोर 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर हासिल कर लिया। कप्तान के तौर पर यह श्रेयस अय्यर का दूसरा फाइनल था, उन्होंने तीन गेंद में नाबाद 06 रन बनाए।



## अब तक के चैंपियन

| साल | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| 2008 | राजस्थान | चेन्नई |
| 2009 | डेक्कन | बेंगलुरु |
| 2010 | चेन्नई | मुंबई |
| 2011 | चेन्नई | बेंगलुरु |
| 2012 | कोलकाता | चेन्नई |
| 2013 | मुंबई | चेन्नई |
| 2014 | कोलकाता | पंजाब |
| 2015 | मुंबई | चेन्नई |
| 2016 | हैदराबाद | बेंगलुरु |
| 2017 | मुंबई | पुणे |
| 2018 | चेन्नई | हैदराबाद |
| 2019 | मुंबई | चेन्नई |
| 2020 | मुंबई | दिल्ली |
| 2021 | चेन्नई | कोलकाता |
| 2022 | गुजरात | राजस्थान |
| 2023 | चेन्नई | गुजरात |
| 2024 | कोलकाता | हैदराबाद |



## सबसे ज्यादा रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली | बेंगलुरु | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ | चेन्नई | 583 |
| रियान पराग | राजस्थान | 573 |
| ट्रेविस हेड | हैदराबाद | 567 |
| संजू सैमसन | राजस्थान | 531 |

## सबसे ज्यादा विकेट

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल | पंजाब | 24 |
| वरुण चक्रवर्ती | कोलकाता | 21 |
| जसप्रीत बुमराह | मुंबई | 20 |
| आंद्रे रसेल | कोलकाता | 19 |
| हर्षित राणा | कोलकाता | 19 |

## सनराइजर्स का सबसे कम स्कोर

| टीम | खिलाफ | रन | वर्ष |
|---|---|---|---|
| हैदराबाद | मुंबई | 96 | 2019 |
| हैदराबाद | मुंबई | 113 | 2015 |
| हैदराबाद | कोलकाता | 113 | 2024* |
| हैदराबाद | पंजाब | 114 | 2020 |

## गंभीर और नायर का अहम रहा योगदान

*हर्षित राणा ने कहा, ''मैं कितना खुश हूं, यह बता नहीं सकता।' रसेल ने कहा, 'बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। यह खिताब बहुत मायने रखता है। मुझे खुशी है कि हम सभी अनुशासित थे और एक लक्ष्य के लिए काम करते थे। इस फ्रेंचाइजी ने मेरे लिए बहुत कुछ किया है। यह ट्राफी हम सभी की ओर से उनके लिए एक तोहफा है। वरुण चक्रवर्ती ने नायर के योगदान की सराहना करते हुए कहा, 'अभी मैं सिर्फ उस व्यक्ति के बारे में सोच सकता हूं जिसने इस कोर टीम को बनाया है, वो हैं अभिषेक नायर।' उ2न्होंने नायर को अपनी ओर बुलाते हुए कहा, 'कृपया यहां आएं।' वेंकटेश अय्यर ने नायर की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा, 'ट्राफी जीतकर खुश हूं। जैसा कि वरुण ने कहा कि अभिषेक नायर को सारा श्रेय जाता है। कुछ लोगों के योगदान पर ध्यान नहीं जाता है लेकिन मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि ऐसा नहीं हो। वह जिस तरह से इस फ्रेंचाइजी के लिए काम कर रहे हैं, इस व्यक्ति को सारा श्रेय जाता है। नितीश राणा ने कहा, 'मैं एक छोटी सी बात साझा करना चाहता हूं कि जब 'जीजी' (गौतम गंभीर) भैया को 'मेंटोर' बनाया गया तो मैंने उन्हें एक लंबा संदेश भेजा क्योंकि मैं बहुत खुश था। लेकिन उन्होंने जवाब देते हुए कहा, 'धन्यवाद, लेकिन मुझे खुशी होगी अगर हम पोडियम पर अपने हाथ में ट्राफी लिए खड़े हों'। आज वो दिन है और मैं उस संदेश को कभी नहीं भूलूंगा।'*

## स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक बो मिचेल स्टार्क | 02 | 05 | 0 | 0 |
| हेड का गुरबाज बो अरोड़ा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| त्रिपाठी का रमनदीप बो स्टार्क | 09 | 13 | 1 | 0 |
| मार्करम का स्टार्क बो रसेल | 20 | 23 | 3 | 0 |
| रेड्डी का गुरबाज बो राणा | 13 | 10 | 1 | 1 |
| हेनरिक क्लासेन बो राणा | 16 | 17 | 1 | 0 |
| शाहबाजका नारायण बो चक्रवर्ती | 08 | 07 | 0 | 1 |
| समद का गुरबाज बो रसेल | 04 | 04 | 0 | 0 |
| कमिंस का स्टार्क बो रसेल | 24 | 19 | 2 | 1 |
| उनादकट पगबाधा बो नारायण | 04 | 11 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 18.3 ओवर में 113/10
गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-14-2, अरोड़ा 3-0-24-1, राणा 4-1-24-2, नारायण 4-0-16-1, रसेल 2.3-0-19-3, चक्रवर्ती 2-0-9-1.

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज पगबाधा बो शाहबाज | 39 | 32 | 5 | 2 |
| नारायण का शाहबाज बो कमिंस | 06 | 02 | 0 | 1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 52 | 26 | 4 | 3 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 06 | 03 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 10.3 ओवर में 114/2
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 2-0-25-0, कमिंस 2-0-18-1, नटराजन 2-0-29-0, शाहबाज 2.3-0-22-1, उनादकट 1-0-9-0, मार्करम 1-0-5-0.





## फाइनल में सितारों का जमावड़ा




आईपीएल 2024 के फाइनल में सितारों का जमावड़ा लगा। कई सितारे चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में मौजूद दिखे। इनमें कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान से लेकर उनकी पत्नी गौरी, बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर, राजकुमार राव, सुहाना खान, अनन्या पांडे, शनाया कपूर और जूही चावला शामिल हैं। हालांकि, खास बात यह थी कि यह सभी एक टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को समर्थन करने पहुंचे थे। इन सभी की तस्वीरें सामने आई हैं।



फ्रेंच ओपन

# ओसाका की संघर्षपूर्ण जीत रुबलेव, सोनेगो भी आगे बढ़े



एजेंसी ▶▶| पेरिस

जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की।

फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। विश्व रैंकिंग में 30वें स्थान पर काबिज दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गयी। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को 6-2, 6-7, 6-3, 7-5 से हराया।

रुबलेव ने अपने मैच के दौरान कुछ हताशा दिखाई और एक समय अपना रैकेट फेंक दिया। लोरेंजो सोनेगो ने नंबर 17 उगो हम्बर्ट को 4-6, 6-2, 4-6, 3-6 से हराया। हम्बर्ट टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंक वाले फ्रांस के खिलाड़ी थे।

## दीपा ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**ताशकंद।** शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गईं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया।उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था।

# सिंधू मलेशिया मास्टर्स में बनीं उपविजेता, वांग से मिली हार

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर



भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया। उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बावजूद 21-16, 5-21, 16-21 से हार गई। वांग ने शानदार वापसी करते हुए आखिरी 23 में से 18 अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। पांचवी वरीयता प्राप्त सिंधू अगर चैंपियन बनती तो सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। यह एक वर्ष से अधिक समय में किसी बीडब्ल्यूएफ टूर पर उनका पहला फाइनल था।

# ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक नहीं खेलेंगे चोटिल नीरज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह चोटिल नहीं हैं। लेकिन हाल ही में अभ्यास के दौरान मांसपेशियों में 'कुछ महसूस' होने के बाद उन्होंने एहतियात के तौर पर चेक गणराज्य में 28 मई को होने वाली ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में भाग नहीं लेने का फैसला



किया। चोपड़ा ने कहा कि ओलंपिक वर्ष में वह कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे लिहाजा इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे।

## लिम से हारी दीपिका विश्व कप से खाली हाथ लौटेंगी

**येचियोन।** मां बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में लगातार दूसरे पदक से चूककर दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज लिम सिहियोन और तीसरे नंबर की अलेजांद्रा वालेंशिया से हार गई। भारतीय तीरंदाजों को विश्व कप के दूसरे चरण से रिकर्व वर्ग से खाली हाथ लौटना पड़ेगा जबकि कंपाउंड वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। रिकर्व स्पर्धाएं ओलंपिक का हिस्सा हैं।

## रोहित सहित विश्व कप टीम के 10 सदस्य न्यूयॉर्क पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के 10 सदस्य टी20 विश्व कप के लिए रविवार सुबह यहां पहुंचे जिसमें कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल थे। हालांकि न्यूयॉर्क पहुंचने वाले पहले जत्थे में विराट कोहली और उप कप्तान हार्दिक पंड्या अनुपस्थित थे। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बाकी सहयोगी स्टाफ भी न्यूयॉर्क पहुंचे।रोहित के अलावा जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल भी शामिल थे। रिजर्व खिलाड़ी शुभमन गिल और खलील अहमद भी उनके साथ मौजूद थे।

उन्नीसवीं पुण्यतिथि पर
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



हर रोज़ स्मरण करते हैं आपको...
दिल से नमन करते हैं आपको

स्व. सतवंत सिंह गिल (गप्पू भैया)
15.04.1962 - 27.05.2005

आपकी कर्मठता का परिणाम, जुझारूपन और सहभागिता का स्वाभिमान
सबको एक साथ लेकर आगे बढ़ने का प्रमाण
'पिताजी' के ऐसे व्यक्तित्व को हमारा शत्-शत् प्रणाम...

आपकी दया, करुणा, स्नेह एवं समस्त परिजनों के प्रति
आपका ममत्व भाव हमारे दिलों में समाया हुआ है,
आपकी पवित्र आत्मा को प्रभु शाश्वत सुख व परम शांति प्रदान करे
'आपका आशीर्वाद और स्नेह सदैव बना रहे'

शोकाकुल- गिल परिवार, मित्रगण एवं महेन्द्रा परिवार के समस्त सदस्यगण

MAHENDRA TRAVELS
HOTEL MAHENDRA A world of comfort & luxury
MAHENDRA box
GM TYRES
Hotel Satlaj
sumit




# समर कैंप में 120 बच्चे सो रहे जमीन पर, पलंग की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

पीएम श्री स्कूल के बच्चों के लिए जिला मुख्यालय में लगाए गए समर कैंप से अव्यवस्थाओं की तस्वीर सामने है। भीषण गर्मी में बड़ी संख्या में बच्चों को कमरे में जमीन पर सुलाया जा रहा है। बच्चे जमीन पर गद्दा डालकर सो रहे है जबकि वर्तमान में मौसम में परिवर्तन होने से सांप बिच्छुओं का खतरा बना रहता है।

कुछ दिनों पूर्व ही हॉस्टल के बाहर एक सांप निकला था जिसे मारा गया था लेकिन इसके बाद भी प्रबंधन की ओर से बच्चों के सोने के लिए पलंग की व्यवस्था नहीं की गई। इस अव्यवस्था को लेकर प्रबंधन का तर्क है कि बच्चे स्वयं ही पलंग पर सोना नहीं चाहते है और उन्हें जमीन पर सोना अच्छा लग रहा है लेकिन इससे खतरा बना रहता है। बता दें कि पीएम श्री योजना के तहत संचालित होने वाले प्राथमिक शाला के बच्चों के लिए शासन के निर्देश पर समर कैंप का आयोजन किया गया है। समर कैम्प 21 से 30 मई तक जिला मुख्यालय में संचालित किया जा रहा है। इस समर कैंप में अंबिकापुर विकासखंड में संचालित दो पीएम श्री स्कूलों के साथ ही जिले के सभी विकासखंडों में संचालित आठ पीएम श्री स्कूलों से 15-15 बच्चों को समर कैंप के लिए लाया गया है। इस तरह समर कैंप में कुल 120 बच्चे मौजूद है। बच्चों को 100 सीटर बालक छात्रावास में रखा गया है जहां उन्हें योगा, संगीत, डांसिंग, पेंटिंग व अन्य गतिविधियों को सिखाया जा रहा है लेकिन इन सब के बीच समर कैंप में अव्यवस्था की तस्वीर निकलकर सामने आई है। समर कैंप के लिए जिस स्थान पर बच्चों को रखा गया है वहां भारी अव्यवस्थाएं नजर आ रही है। हॉस्टल में बच्चों को जमीन पर सुलाया जा रहा है जबकि वर्तमान में गर्मी का मौसम है और बीच बीच में बारिश भी हो रही है। बारिश व उमस के कारण सांप व अन्य जहरीले सरीसृप बाहर निकलते है। ऐसे में बच्चों पर खतरा मंडरा रहा है।

## पहले दिन ही निकला था सांप, फिर भी नहीं की गई व्यवस्था

### बच्चे बीमार हो रहे है

समर कैंप के पहले दिन ही हॉस्टल के बाहर एक करैत सांप निकला था जिसे मारा गया था लेकिन इसके बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। हॉस्टल में पलंग की सुविधा होती है इसके बाद भी एक एक कमरे में दर्जनों बच्चों को रखकर सुलाया जा रहा है। इस अव्यवस्था के कारण ही बच्चे बीमार हो रहे है और हाल ही में कुछ बच्चों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था जिनमें से ज्यादातर को उल्टी, दस्त व बुखार की समस्या थी हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारी भी बच्चों को जमीन पर सुलाने की बात स्वीकार कर रहे है।





### स्वेच्छा से सो रहे जमीन पर

समर कैंप में सभी विकासखंड से 8 पीएम श्री स्कूलों के 120 बच्चों को लाया गया है। बच्चों के रुकने व भोजन की व्यवस्था बालक छात्रावास में की गई है। छात्रावास में पलंग मौजूद है लेकिन बच्चे अपनी इच्छा से जमीन पर सो रहे है। भवन ऊंचाई पर है इसलिए सरीसृप का खतरा नहीं है।

**रविशंकर तिवारी**
जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान

---

मान्यता

# जैसलमेर के इस मंदिर में पाकिस्तानी जनरल भी झुकाते हैं अपना सिर

## भारत-पाक युद्ध का है गवाह, जानें इसकी मान्यता

भारत में कई ऐसी जगहें है, जिसकी मान्यता देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में काफी है। ऐसे ही हम देवी मां एक ऐसे मंदिर की बात कर रहे हैं, जिसके आगे पाकिस्तान के जनरल भी माथा टेकते हैं। यह मंदिर भारत और पाकिस्तान के युद्ध का गवाह है। यह मंदिर जैसलमेर जिले में स्थित है जिसका नाम माता तनोट मंदिर है। दरअसल, भारत पाकिस्तान के युद्ध के दौरान एक ऐसी घटना हुई जिससे पाकिस्तानी फौजियों क अपनी गलती का अहसास हुआ और मां के सामने सिर झुका कर वापस चले गए।

### भारत- पाक युद्ध का गवाह है ये मंदिर

जैसलमेर जिले में ये मंदिर स्थित है, जो पाकिस्तान से सटे सीमा पर बना हुआ है। यह मंदिर 1965 और 1971 में हुए भारत पाकिस्तान युद्ध का गवाह माना जाता है। कहा जाता है कि पाकिस्तानी सैनिकों मे मंदिर में तीन अलग-अलग जगहों से आक्रमण किया था। लेकिन वह कुछ भी कर नहीं पाएं। कहा जाता है कि 1965 में पाकिस्तानी सेना ने करीब तीन हजार बम गिराए थे। लेकिन मंदिर पर जरा भी प्रभाव नहीं पड़ा था। इतना ही नहीं मंदिर के प्रांगण में करीब 450 बम गिराए थे जिसमें एक भी फटा नहीं था। आज ये बम मंदिर के संग्रहालय में सुरक्षित है। मां के चमत्कार को देखकर पाकिस्तानी के तत्कालीन ऑफिसर ब्रिगेडियर शाहनवाज खान काफी अचंभित हुए और उन्हें भारत सरकार से परमिशन लेकर माता को चांदी की छत्र भेंट की थी।




### सीमा सुरक्षा बल के सैनिक करते हैं पूजा

माता तनोट मंदिर में कोई पुजारी नहीं है बल्कि सीमा सुरक्षा बल (BSF) के जवान ही माता तनोट की पूजा-अर्चना करते हैं। माता तनोट की पूजा अर्चना करने से हर दुख-दर्द दूर हो जाता है। इसके साथ ही अपनी मन्नत कहने के लिए भक्तगण माता के प्रांगण में सफेद रंग की रूमाल और लाल रंग की चुनरी बांधते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से माता साधक की वह इच्छा पूरी कर देती हैं।



### माता हिंगलाज का स्वरूप है माता तनोट

पाकिस्तान में स्थित माता हिंगलाज का स्वरूप माता तनोट को माना जाता है और देवी घंटियाल उन्हीं की बहन हा। माना जाता है कि भारतीय सैनिकों की मदद माता तनोट के साथ घंटियाल माता ने की थी।

### तनोट माता 'सैनिकों की देवी'

पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय माता से भारतीय सैनिकों की खूब रक्षा की थी। इसी के कारण उन्हें सैनिकों की देवी और थार की वैष्णो देवी के नाम से जानते हैं। इस मंदिर को सिद्धपीठ माना जाता है।

### तनोट मंदिर का इतिहास

तनोट माता के इतिहास के अनुसार, एक मामड़िया चारण नाम का व्यक्ति था, जो राजाओं के दरबार में उनका गुणगान किया करता था। मामड़िया चारण के कोई संतान नहीं थी। ऐसे में संतान की इच्छा रखते हुए उसने माता हिंगलाज की सात बार पैदल यात्रा करके परिक्रमा की। इससे माता ने प्रसन्न होकर उससे पूछा कि आखिर उसे पुत्र चाहिए कि पुत्री। ऐसे में मामड़िया चारण ने कहा कि वह उनके घर में जन्म लें। ऐसे में उन्होंने उसे आशीर्वाद दे दिया। परिणाम स्वरूप मामड़िया चारण के घर में एक पुत्र और सात पुत्रियों को जन्म हुआ। इन्हीं 8 पुत्री में एक थी आवड मां, जो बाद में तनोट माता के नाम यानी रक्षा की देवी के नाम से प्रसिद्ध हुई।

---

# दुनिया की सबसे बड़ी आइसक्रीम

यूं तो आपने बहुत सी आइसक्रीम देखी और खाई होगी। लेकिन क्या आपने कभी दुनिया की सबसे बड़ी आइसक्रीम देखी है? अब आप सोच रहे होंगे कि इस दुनिया में सबसे बड़ी आइसक्रीम भी है? अगर है तो कितनी बड़ी है और कहां बनी थी ये आइसक्रीम। आपके इन सभी सवालों का जवाब हम देंगे। उससे पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दुनिया की सबसे बड़ी इस आइसक्रीम का वीडियो देख लीजिए, जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने जिस आइसक्रीम का वीडियो शेयर किया है। उसे नॉर्वे में बनाया गया है। इस आइसक्रीम को दुनिया की सबसे बड़ी आइसक्रीम माना जा रहा है। जिसे नॉर्वे के हेनिग-ऑलसेन नामक परिवार के आइसक्रीम कंपनी द्वारा बनाया गया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, इस आइसक्रीम के कोन का वजन लगभग एक टन था और इसमें 1,080 लीटर आइसक्रीम रखने की क्षमता थी। इस आइसक्रीम कोन की ऊंचाई 3.08 मीटर यानी 10 फीट 1.26 इंच थी। इसे इतना विशालकाय बनाने के लिए स्टील के स्ट्रक्चर का इस्तेमाल किया गया था। इस विशाल आइसक्रीम कोन को ले जाने के लिए कंपनी ने एक विशेष हेलीकॉप्टर बुलाया था। जिससे इस आइसक्रीम को ले जाया गया। जब इस आइसक्रीम के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया तब इस आइसक्रीम को लोगों के बीच बांट दिया गया।

- इस विशाल आइसक्रीम कोन को ले जाने के लिए कंपनी ने बुलाया था विशेष हेलीकॉप्टर




**10** फीट 1.26 इंच है इसकी ऊंचाई

- नॉर्वे में किया गया है इसका निर्माण
- गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने शेयर किया वीडियो

### 3 मिलियन लोगों ने देखा वीडियो

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा शेयर किए गए इस आइसक्रीम के वीडियो को लगभग 3 मिलियन लोगों ने देखा और 1 लाख 11 हजार लोगों ने इसे लाइक किया है। वीडियो पर कई लोगों के कमेंट्स भी आए हैं। जिसमें एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा है- इस आइसक्रीम के रिकॉर्ड को लेकर सबसे अच्छी बात यह है कि इसे जरूरतमंद लोगों और बच्चों के बीच बांट दिया गया। दूसरे यूजर ने मजाक करते हुए लिखा- इस आइसक्रीम को तो खली सर ने ऑर्डर किया है। तीसरे यूजर ने लिखा- आज तक मैंने इतना बड़ा आइसक्रीम नहीं देखा था।

---

# मछलियों के शोर से सोना हुआ मुश्किल



**फ्लोरिडा।** दुनियाभर में कई ऐसे जीव हैं जिनकी आवाज बहुत तेज और अजीब होती है। लेकिन ये कई बार लोगों को डरा भी देती है। इसी तरह हाल के हफ्तों में फ्लोरिडा के एक इलाके टाम्पा में जो हो रहा है वह जितना लोगों की समझ से परे है उतना ही डरा भी दे रहा है। दरअसल यहां लोगों को ऐसा शोर सुनाई दे रहा है जिसके चलते वे सो भी नहीं पा रहे। ऐसे में यहां के निवासी रहस्यमयी आवाज के पीछे का कारण जानने के लिए एक वैज्ञानिक की मदद ले रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये आवाज इतनी तेज है कि इससे उनके घरों की दीवारें हिल रही हैं। हालांकि इसके पीछे सटीक कारण के बारे में कोई पुष्टि नहीं है, लेकिन एक वैज्ञानिक का मानना है कि यह रहस्यमय आवाज ब्लैक ड्रम मछली का शोर हो सकता है।

---

# गूगल मैप्स पर मिनटों में अपडेट करें एड्रेस, जानें स्टेप बाय स्टेप प्रोसेस

किसी अंजान जगह पर रास्ता खोजना हो तो सबसे पहले गूगल मैप्स का नाम याद आता है। अगर आप भी गूगल के मशहूर नेविगेशन एप गूगल मैप्स का इस्तेमाल करते हैं तो आपके लिए एक बड़ी जानकारी है। कई बार देखा गया है कि गूगल मैप्स पर कोई एड्रेस गायब होता है या फिर गलत लोकेशन पिन होती है।

ऐसे में गूगल मैप्स की इस परेशानी को ठीक करने के लिए अब आप भी अपना योगदान दे सकते हैं। इस दिक्कत को कंप्यूटर और एंड्रॉयड डिवाइस दोनों पर ठीक किया जा सकता है।



### (कंप्यूटर पर एड्रेस ठीक करने का तरीका)

- सबसे पहले कंप्यूटर पर गूगल मैप्स ओपन करें।
- इसके बाद एड्रेस को सर्च करें।
- सुझाव और एडिट पर क्लिक करें, फिर गलत पिन लोकेशन या एड्रेस को सेलेक्ट करें।
- यहां पर सही एड्रेस दर्ज करें फिर पोस्ट करें।

### (कंप्यूटर पर सही एड्रेस दर्ज करने का तरीका)

- कंप्यूटर पर गूगल मैप्स ओपन करें।
- फिर मेन्यू में क्लिक करें।
- नीचे आने पर एडिट मैप का विकल्प मिलेगा, गलत पिन लोकेशन या एड्रेस को सेलेक्ट करें।
- फिर आप जो भी एड्रेस डालना चाहते हैं तो उसे एड करें।
- सही एड्रेस दर्ज करने के बाद सबमिट और फिर पोस्ट करें।
- एक से ज्यादा एड्रेस सही करने के लिए इसी प्रक्रिया को फॉलो करें।

### (एंड्रॉयड डिवाइस पर एड्रेस ठीक करने का तरीका)

- सबसे पहले गूगल मैप्स एप को ओपन करें।
- फिर एड्रेस सर्च करें।
- सुझाव और एडिट पर क्लिक करें, फिर नाम और अन्य जानकारी में बदलाव पर क्लिक करें।
- इसके बाद उस बिल्डिंग पर मैप करें।
- सही एड्रेस दर्ज करने के बाद पोस्ट करें।

### (एंड्रॉयड डिवाइस पर सही एड्रेस दर्ज करने का तरीका)

- सबसे पहले गूगल मैप्स एप को ओपन करें।
- इसके बाद कॉन्ट्रीब्यूट पर क्लिक करें फिर एडिट मैप को चुनें और एड्रेस को फिक्स करें।
- मैप को बिल्डिंग के केंद्र पर लेकर आएं।
- एड्रेस की जानकारी दर्ज करके सबमिट करें फिर पोस्ट करें।
- एक से ज्यादा एड्रेस बदलने के लिए इसी प्रक्रिया को फॉलो करें।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com